दैनिक

# नवप्रदेश

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | भोपाल, सोमवार 31 मई 2021, आषाढ़ कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-05 अंक-42 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | डाक पंजीयन संख्या -म प्र /भोपाल /4-468/2018-20 | मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

कोरोना ने देश में बहुत से मासूम बच्चों को अनाथ कर दिया है। ऐसे नवनिहाल जिनके सिर से मां-बाप का साया उठ चुका है उनकी देखभाल लालन-पालन और शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने की घोषणा करने वाली राज्य सरकारें और केन्द्र सरकार निःसंदेह बधाई की पात्र है। बच्चे इस देश का भविष्य है इसलिए उन्हे विपदा की इस घड़ी में संरक्षण देना सबका दायित्व है। इन अनाथ बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए माननीय सांसदों और विधायकों को भी अपना हाथ आगे बढ़ाना चाहिए और गांव को गोद लेने की तर्ज पर इन अनाथ बच्चों को भी गोद लेना चाहिए।

# अलीगढ़ में जहरीली शराब का कहर: अब तक 56 मौतें

### 49 शवों का पीएम हुआ; आंकड़े छिपा रहा प्रशासन, कई शवों का जबरन अंतिम संस्कार कराया!

**अलीगढ़-** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में जहरीली शराब से अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 49 शवों का पोस्टमार्टम हो चुका है। प्रशासन ने कई शवों का बगैर पोस्टमार्टम कराए जबरन अंतिम संस्कार करा दिया। इससे नाराज मृतकों के परिजन ने डीएम कार्यालय का घेराव किया। उधर, पोस्टमार्टम हाउस में पहुंची लाशों को देखने के बाद भी DM-SSP आंकड़ों को छिपाने में जुटे हैं। अलीगढ़ के छ्ररूचंद्रभूषण सिंह का कहना है कि इस शराब कांड में अब तक 25 लोगों की मौत हुई है और पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे बाकी शव संदिग्ध हैं। इधर, 10 से



ज्यादा लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। ये जिले के अलग-अलग अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

शराब कांड में अब तक सरकार ने जिला आबकारी अधिकारी धीरज शर्मा, आबकारी निरीक्षक राजेश यादव, प्रधान सिपाही अशोक कुमार, निरीक्षक चंद्रप्रकाश यादव, इंस्पेक्टर लोधा अभय कुमार शर्मा और सिपाही रामराज राना को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, व्यवस्था के जिम्मेदार आला अफसरों पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। शराब कांड की मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो चुकी है। जांच कर रहे एडीएम डीपी पाल ने बताया कि शराब कांड के मामले में निलंबित हुए जिला आबकारी अधिकारी धीरज शर्मा, खैर एसडीएम अंजनि कुमार, एसडीएम कोल रंजीत सिंह, सीओ खैर शिवप्रताप सिंह, सीओ **शेष पृष्ठ 7 पर**

### सांसद ने कहा- डीएम इन मौतों के जिम्मेदार हैं

अलीगढ़ में शराब से हुई मौतों पर भाजपा सांसद सतीश गौतम ने कहा कि इन मौतों के लिए सीधे तौर पर डीएम चंद्रभूषण सिंह जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से जितनी भी मौतें हुई हैं, सबके घर जाकर उनके परिजनों से मिलेंगे। सांसद ने सवाल किया कि जब छ्ररूअच्छे कामों की सराहना लेते हैं, तो इसके लिए जिम्मेदार कैसे नहीं होंगे? जिलाधिकारी जिले का मालिक होता है, तो सब कुछ उसकी नाक के नीचे हो रहा है।

### अब तक क्या-क्या हुआ ?

**अलीगढ़ में गुरुवार देर रात लोधा के करसुआ, खैर के अंडला और जवां के छेरत में लोगों ने अलग-अलग ठेकों से देसी शराब खरीदी थी। शराब पीने के बाद रात में मौतें होने लगी। शुक्रवार रात तक 27 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने देसी शराब के ठेके बंद कर दिए, इसके बावजूद चोरी से शराब बिकी। पिसावा के शादीपुर और जट्टारी में लोगों ने शराब खरीदी। इन सभी ने रात में शराब पी, जिससे शनिवार सुबह शादीपुर में 6 लोगों की मौत हो गई। इन सभी के परिजन ने 4 शवों का बिना पोस्टमार्टम के ही अंतिम संस्कार कर दिया। इसके अलावा लोधा में 11, खैर में 2, जवां में 2, टप्पल में 4, गभाना में 3 और पिसावा में 2 मौतें हुई हैं। इनके अलावा 6 से ज्यादा शवों का बगैर पोस्टमार्टम अंतिम संस्कार कराया जा चुका है।**

## खास-खबर

### छत्तीसगढ़ के सिलगेर में चौथी मौत

### पुलिस फायरिंग से मची भगदड़ में घायल गर्भवती ने भी दम तोड़ा, ग्रामीण और भड़के

**रायपुर-** छत्तीसगढ़ के बीजापुर-सुकमा के बार्डर पर स्थित सिलगेर, पुलिस की फायरिंग के बाद से सुलग रहा है। सिलगेर में 13 मई से ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन जारी है। शनिवार को आई एक खबर ने ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ा दिया है। खबर यह है कि पुलिस की फायरिंग की वजह से मची भगदड़ में घायल हुई गर्भवती महिला पूनेम सोमली की मौत हो गई है। इससे ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ गया है। 22 गांवों के हजारों लोग कैंप के सामने डटे हुए हैं और कैंप बंद करने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने बताया कि भीड़ पूनम को रौंद कर आगे बढ़ने को मजबूर थी। घायल होने के बाद पूनम घर पर ही रही लेकिन अब उसकी मौत हो गई है। वो तीन महीने से गर्भवती थी। इससे पहले उसका एक बच्चा बीमारी की वजह से मर चुका था। 13 मई को हुई पुलिस फायरिंग में तीन लोगों की पहले ही मौत हो चुकी थी।

# कोविड महासंकट में अनाथ हुए बच्चे यह न समझें कि उनके माँ-बाप नहीं हैं: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री चौहान द्वारा 173 बच्चों को पेंशन वितरित

- **राज्य सरकार हर कदम पर बच्चों के साथ है**
- **मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना आरंभ**

**भोपाल (नवप्रदेश)।**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हम कोविड के महासंकट में अनाथ हुए बच्चों को यह अहसास नहीं होनें देगें कि उनके माँ-बाप नहीं हैं। हम हर बच्चे की उंगली थामेंगे। कोरोना की विपदा के कारण अनाथ हुए सभी बच्चों की प?ाई लिखाई, भोजन और आर्थिक सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा। बच्चे मेहनत करें, अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। मैं आपका मामा और कल्याणकारी राज्य सरकार हर कदम पर आपके साथ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के पात्र हितग्राही बच्चों को निवास से वर्चुअली पेंशन राशि का वितरण किया। योजना के शुभारंभ अवसर पर 130 परिवारों के 173 बच्चों के खातों में प्रति बच्चा प्रतिमाह 5 हजार रूपये के मान से सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की गई। प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास श्री अशोक शाह ने योजना की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने योजना के हितग्राही बच्चों और बच्चों के संरक्षकों से वर्चुअली संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अभिभावकों और बच्चों को **शेष पृष्ठ 7 पर**



### मेरी जिंदगी का सब से भयानक दौर

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश एक भयानक त्रासदी से गुजरा है। ऐसी महामारी सैकड़ों सालों में एक बार आती है। कोरोना की पहली लहर का प्रकोप कम था परंतु दूसरी लहर में संक्रमितों की संख्या अप्रत्याशित रूप से तेजी से बढ़ी और वायरस की अधिक घातकता के कारण कई लोग हमारा साथ छोड़ गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह मेरी जिंदगी का सब से भयानक दौर था। संभालने के कई प्रयासों के बाद भी हम कई भाई-बहनों को बचा नहीं पाये। मासूम बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठने से स्थिति अधिक पीड़ादायक बनी। जिन घरों में अब माता-पिता दोनों नहीं हैं वहां वेदना बहुत अधिक है।

### सरकार और समाज को इन बच्चों का दायित्व लेना होगा

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि ऐसे बच्चों को दर-दर की ठोकरें खाने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। सरकार और समाज को इन बच्चों का दायित्व लेना होगा। कोविड के प्रकोप में प्रभावित हुए बच्चे अपने आप को अकेला नहीं समझें। उनकी पूरी चिंता की जाएगी। राज्य सरकार ने प्रत्येक बच्चे के लिए 5 हजार रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता, ऐसे बच्चों और उनके संरक्षक को प्रतिमाह नि:शुल्क राशन और पढ़ाई की व्यवस्था की है। समाज भी इस दिशा में आगे आ रहा है। रतलाम में हुई पहल सराहनीय है।

### मप्र के कई हिस्सों में बारिश

## लगातार तीसरे दिन मौसम ने ली करवट



- **भोपाल में तेज हवाओं के साथ बारिश के साथ गिरे ओले; सागर, छिंदवाड़ा और होशंगाबाद में भी बारिश**

**भोपाल (नवप्रदेश)।**

**भोपाल-** मध्यप्रदेश में नौतपा के बीच बारिश और आंधी का सिलसिला जारी है। पिछले तीन दिनों से प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। रविवार शाम को एक बार फिर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई। शाम 5 बजे के बाद भोपाल, सागर और होशंगाबाद में तेज हवा के साथ बारिश हुई। भोपाल में शाम करीब 6 बजे कोलार इलाके में ओले भी गिरे। छिंदवाड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी हुई। जबलपुर, में बादल छाए हुए हैं, जबकि इंदौर और ग्वालियर में मौसम सामान्य है। भोपाल में सुबह से मौसम सामान्य था। लोग उमस से बेहाल थे। दोपहर बाद मौसम अचानक बदला और आसमान में बादल छा गए। 5 बजे के बाद होशंगाबाद रोड, अयोध्या नगर, एमपी नगर, कोलार समेत कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इससे लोगों को उमस से राहत मिली। बारिश के कारण तापमान में भी अचानक गिरावट दर्ज की गई। तेज हवाओं के कारण कई जगह बिजली भी गुल हो गई। पिछले तीन दिन से राजधानी का मौसम ऐसा ही बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई **शेष पृष्ठ 7 पर**

## यूपी से एक और शर्मनाक तस्वीर: बलरामपुर में 2 लोगों ने कोरोना संक्रमित का शव पुल से नदी में फेंका

- **वीडियो सामने आने के बाद केस दर्ज**

**बलरामपुर।** गंगा किनारे मिली लाशों के बाद उत्तर प्रदेश से एक और शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। बलरामपुर में एक कोरोना मृतक का अंतिम संस्कार करने की बजाय परिजन ने शव को राप्ती नदी में फेंक दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें दो लोग शव को पुल से नदी में फेंकते दिख रहे हैं। इनमें से एक ने PPE किट पहनी है। यह घटना कोतवाली थाना इलाके में राप्ती नदी पर बने सिसई घाट पुल की है। शव को राप्ती नदी में फेंके जाने के दौरान वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया जो अब वायरल हो गया है।

#### दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

शव फेंकने वाले दोनों लोगों की पहचान हो गई है। ये मृतक के परिवार के ही सदस्य हैं। इनमें से एक के हेल्थ वर्कर होने की बात भी सामने आ रही है। अब सवाल ये भी है कि ये तो सिर्फ एक वीडियो है, जिसमें पता चल गया कि शव फेंका जा रहा है। लेकिन क्या और भी शव राप्ती फेंके जा रहे हैं? इसका जवाब मिलना अभी बाकी है। सीएमओ डॉ. विजय बहादुर सिंह ने बताया कि राप्ती नदी में फेंका गया शव सिद्धार्थनगर जिले के शोहरतगढ़ के रहने वाले प्रेम नाथ मिश्र का है।

## मेहुल को भारत लाने की तैयारी: भारत ने प्रत्यर्पण के कागज डोमिनिका भिजवाए

**रोसियू/नई दिल्ली-** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के आरोपी मेहुल चौकसी के जल्द भारत प्रत्यर्पण की उम्मीद बढ़ गई है। एंटीगुआ के प्रधानमंत्री गैस्टन ब्राउन के मुताबिक भारत ने एक प्राइवेट जेट के जरिए डोमिनिका सरकार को चौकसी के प्रत्यर्पण के दस्तावेज भेजे हैं। चौकसी इस वक्त डोमिनिका की जेल में ही बंद है। हालांकि चौकसी को लेकर भारत की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले शनिवार को चौकसी की डोमिनिका के जेल से पहली तस्वीर सामने आई थी। सलाखों के पीछे कैद चौकसी स्काई कलर की टी-शर्ट में दिख रहा है। उसके चेहरे पर डर और भय साफ देखा जा सकता है। उसकी बाईं आंख में चोट के निशान भी दिख रहे हैं। उसकी आंख लाल है। दो दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोमेनिका में चौकसी के वकील मार्श वेन ने कहा कि सुबह उन्होंने अपने क्लाइंट से पुलिस स्टेशन में मुलाकात की है।

## मुख्यमंत्री चौहान ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर शुभकामनाएँ दीं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर सभी पत्रकार बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मीडिया जगत के सभी साथियों से कहा कि वे हिन्दी पत्रकारिता की अत्यंत स्वस्थ एवं समृद्धशाली परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते रहें। हिन्दी भाषा का पहला समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड 30 मई 1826 को कलकत्ता से श्री जुगलकिशोर सुकुल ने प्रारंभ किया। उसी दिन से 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### देश में कोरोना पर राहतभरी खबर

## पहली लहर में पीक के बाद नए केस घटने में 6 हफ्ते लगे, दूसरी लहर में 3 हफ्ते बाद ही रोजाना के केस 50 प्रतिशत तक घटने लगे

**नई दिल्ली-** देश में कोरोना की दूसरी लहर जिस रफ्तार से बढ़ी थी, उसी रफ्तार से उसमें कमी भी रिकॉर्ड की जा रही है। रोजाना केसों के सात दिन के औसत की बात करें, तो दूसरी लहर के पीक से महज 3 हफ्तों में ही कोरोना के रोजाना मामलों में 50 प्रतिशत तक की कमी रिकॉर्ड की गई। 7 दिन के औसत मामलों के मुताबिक, देश में पहली लहर का पीक 8 मई को था, जब 3 लाख 91 हजार 263 कोरोना के मामले रिकॉर्ड किए गए थे। इन आंकड़ों में बीते दिन 50 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। यानी 29 मई को यह आंक ड़ा एक लाख 95 हजार 183 तक पहुंच गया। अगर पहली लहर के पीक की बात करें, तो पिछले साल 17 सितंबर को 93,735 संक्रमितों की पहचान हुई थी। इस आंकड़े को आधे होने में करीब 6 हफ्ते लगे थे। यानी 30 अक्टूबर को 50त्न गिरावट के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 46,380 तक पहुंचा था।

#### बीते दिन 1.65 लाख केस

देश में बीते दिन एक लाख 65 हजार 144 लोगों की कोरोना



रिपोर्ट पॉजिटिव आई। यह आंकड़ा बीते 47 दिनों में सबसे कम है। इससे पहले 12 अप्रैल को एक लाख 60 हजार 854 केस आए थे। इस दौरान 3,463 लोगों की कोरोना की वजह से मौत हुई और 2 लाख 64 हजार 342 लोग ठीक भी हुए। भारत में 9 मई से कोरोना के केस घटने लगे हैं, लेकिन मौत के आंकड़ों में कोई खास कमी नहीं आई है। 31 मार्च को देश में कुल 72 हजार केस आए थे। 15 अप्रैल को ये आंकड़ा 2 लाख के पार था। 21 अप्रैल को 3 लाख और 30 अप्रैल को 4 लाख क्रॉस कर चुका था। इन्हीं तारीखों को मौत का आंकड़ा कुछ ऐसा था- 31 मार्च को 458, 15 अप्रैल को 1184 और 30 अप्रैल को 3525।

### नोटिस

### एसआईटी 2 जून को करेगी पूछताछ; कमलनाथ बोले- हमारे पास कहां है ?

# हनीट्रैप मामले में कमलनाथ को नोटिस, कांग्रेस बैकफुट पर !

- **कांग्रेस का बचाव- कभी असली पेन ड्राइव होने की बात नहीं कही**

**भोपाल (नवप्रदेश)।**

**भोपाल-** कभी हनीट्रैप मामले में बैकपुट पर रही भाजपा अब पूरे फ्रंटफुट पर है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को सरकार ने घेरने की तैयारी कर ली है। कमलनाथ के पेन ड्राइव उनके पास होने के बयान को मामले की जांच कर रही एसआईटी ने गंभीरता से लेते हुए उन्हें नोटिस जारी किया है। 2 जून को एसआईटी उनके निवास पर जाकर पूछताछ करेगी और पेन ड्राइव लेगी।



इधर, मुरैना में कमलनाथ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा है कि पेनड्राइव हमारे पास कहां है? पेन ड्राइव तो आप लोगों के पास है। हम पेन ड्राइव की राजनीति नहीं करते हैं। कटनी में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा, पूर्व सीएम कमलनाथ अपने मित्र उमंग सिंघार को बचाने के लिए साक्ष्य का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसके पहले भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कमलनाथ को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि पेन ड्राइव अपने पास रखना अपराध है। यह जांच के दायरे में आता है। कमलनाथ को जारी नोटिस के मुताबिक विवेचना अधिकारी 2 जून को उनके घर जाकर उनके बयान लेने के साथ ही पेन ड्राइव भी लेगी। हालांकि कांग्रेस अब बैकफुट पर आती दिख रही है। कांग्रेस के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा का कहना है कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि ओरिजिनल पेन ड्राइव या सीडी उनके पास है। यह तो बंद कमरे की मीटिंग की हवा-हवाई से उड़ी खबर है। यदि किसी के पास कमलनाथ के कथन का कोई वीडियो या प्रमाण हो तो उसे सार्वजनिक करे। थाना प्रभारी थाना किशनगंज इंदौर के TI की तरफ से जारी नोटिस में कहा गया कि नाथ के पिछले दिए **शेष पृष्ठ 7 पर**

### बयानों के कारण फंसे

कमलनाथ ने हाल ही में हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उमंग सिंघार के मामले को लेकर कहा था कि हनीट्रैप की पेन ड्राइव उनके पास भी है। उमंग सिंघार की महिला मित्र सोनिया भारद्वाज का उनके निवास पर ही सुसाइड का मामला था, जिस पर राज्य सरकार ने केस दर्ज किया था। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को राजनीतिक व पूर्वाग्रह से ग्रसित बताया था। इसके बाद उज्जैन में भी कमलनाथ ने यह बात दोहराई थी।

# पवन सिंह का गाना 'ओढ़नी के कोर' हुआ रिलीज

**मुंबई ।** भोजपुरी सिनेमा के पावन स्टार पवन सिंह का नया गाना 'ओढ़नी के कोर' रिलीज हो गया है। पवन सिंह का नया गाना 'ओढ़नी के कोर भींजल बा' रिलीज हो गया है। इस गाने में पवन सिंह की कोमल सिंह के साथ रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। यह गाना रिलीज के साथ वायरल हो गया है। 'ओढ़नी के कोर भींजल बा' गाना पवन सिंह ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज किया गया है।इस गाने में एक प्रेमी और प्रेमिका की खुबसूरत कहानी भी है, जो गाने के सपोर्टिंग है। इसमें पवन सिंग एक ऐसे प्रेमी के किरदार में हैं, जिसकी प्रेमिका की शादी होने वाली होती है और वह छुप- छुप कर रोती है, लेकिन जब वह पवन से मिलती है तब उसकी ओढ़नी यानी दुपट्टे के कोने से उसे एहसास होता है कि उसकी प्रेमिका रो रही है। गौरतलब है कि ओढ़नी के कोर भींजल बा' का लिरिक्स बिट्टू विद्यार्थी और म्यूजिक आदित्य देव ने दिया है।



# कैंसर पीड़ित बच्चों की मदद को आगे आए विवेक

**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय कोरोना संकट के समय कैंसर पीड़ित बच्चों की मदद के लिये आगे आए हैं, और वह 3000 जरूरतमंद बच्चों के लिए भोजन का इंतजाम करेंगे।

कोरोना संकट के समय बॉलीवुड के कई सेलेब्स लोगों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में अब विवेक ओबेरॉय कैंसर बीमारी से पीड़ित बच्चों की मदद को आगे आए हैं। विवेक ओबेरॉय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए बताया कि कैंसर से लड़ रहे करीब 3000 जरूरतमंद बच्चों के लिए वह भोजन का इंतजाम करेंगे। आने वाले 3 महीनों में वह ज्यादा से ज्यादा बच्चों की मदद करना चाहते हैं।

विवेक ओबेरॉय ने फंडरेजर के जरिए लोगों से भी अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि आप 1000 रुपए भी दान करते हैं तो उससे कैंसर से लड़ रहे एक बच्चे के पूरे महीने भर के खाने का इंतजाम हो सकता है।





# कैट्स पर प्यार लुटा रही दिशा

**मुंबई।** बॉलीवुड की दमदार एक्ट्रेस दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अक्सर अपने खूबसूरती का जलवा बिखेरती रहती हैं। वहीं अपने बोल्ड अंदाज से वो इंस्टाग्राम का पारा भी बढ़ाती रहती हैं। हालांकि इस बार दिशा ने अपनी बिल्लियों के साथ क्यूट फोटोज शेयर की हैं, जिन्हें फैन्स खूब पसंद कर रहे हैं। बता दें कि दिशा पाटनी ने जैस्मीन और किटी के साथ सोशल मीडिया पर कुल तीन तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में दिशा अपनी बिल्लियों पर प्यार बरसाती दिख रही हैं। याद दिला दें कि किटी को दिशा पाटनी ने 13 जून 2019 को अपने जन्मदिन के खास मौके पर खुद को गिफ्ट किया था। उस वक्त दिशा ने सोशल मीडिया पर किटी की तस्वीरें भी साझा की थीं। दिशा की इन तस्वीरों को फैन्स खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट्स व लाइक्स करते हुए अपना प्यार जता रहे हैं। वैसे तो दिशा के पोस्ट पर अभी तक ढेर सारे कमेंट्स व लाइक्स आ चुके हैं। ऐसे ही एक फैन ने दिशा के इस पोस्ट पर लिखा- 'लड़के सोच रहे होंगे- अगले जनम मोहे बिल्ली कीजो।' बता दें कि ये कमेंट 'अगले जनम मोहे बिटिया कीजो' शो से मिलता जुलता है। वहीं इसके अलावा भी कुछ फैन्स का कहना है कि किस्मत हो तो इन बिल्लियों जैसी। गौरतलब है कि दिशा पाटनी एक अच्छी एक्ट्रेस होने के साथ ही साथ एक जोरदार डांसर भी हैं। दिशा पाटनी ने नोरा फतेही से भी डांस सिखा है। वहीं डांस के अलावा दिशा फिटनेस फ्रीक भी हैं।



# 'टाइटैनिक' के रोज और जैक बने शिल्पा शेट्टी व राज कुंद्रा

**मुंबई।** बिजनसमैन व अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। राज कुंद्रा अक्सर इंस्टाग्राम पर फनी वीडियोज शेयर करते रहते हैं, ऐसे में एक बार फिर शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा एक वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होना शुरू हो गया है। दरअसल राज कुंद्रा अक्सर सोशल मीडिया पर मोर्फ वीडियोज शेयर करते रहते हैं, यानी वीडियो कोई और होता है, लेकिन किसी एक कैरेक्टर पर शक्ल राज कुंद्रा की होती है। ऐसे में उनके वीडियो में उनके साथ पत्नी शिल्पा शेट्टी भी नजर आ रही हैं। दोनों ही फिल्म टाइटैनिक के रोज और जैक के किरदार में नजर आ रहे हैं। बता दें कि 14 सेकेंड के वीडियो में वो फिल्म टाइटैनिक का वो सीन दिखाया गया है, जब रोज, जैक के साथ पार्टी में जाती हैं और डांस करती हैं। हालांकि एडिटिड वीडियो के बैकग्राउंड में 'लौंग

# शाकिब को सीपीएल के लिए एनओसी मिलने की उम्मीद कम

**ढाका ।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उसके शीर्ष आलराउंडर शाकिब अल हसन को केरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल)के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने की उम्मीद बहुत कम है। शाकिब जमैका तालावास के लिए लौटना चाहते हैं जिसका उन्होंने 2016 और 2017 में प्रतिनिधित्व किया था जब उसने पहली बार खिताब जीता था।

बंगलादेश को उस समय ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करनी हैं और उसके बाद इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड को आना है। बंगलादेश के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष अकरम खान ने शनिवार को कहा कि उन्होंने इस सन्दर्भ में अभी कोई फैसला नहीं लिया है लेकिन उनके इन मैचों में अपनी पूरी ताकत से टीम उतारने की उम्मीद है। जब समय आएगा तब हम इस सन्दर्भ में फैसला ले सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷हम अपनी पूरी ताकत के साथ उनके खिलाफ उतरेंगे। ÷

समझा जाता है कि बीसीबी ने राष्ट्रीय क्रिकेटरों के लिए अनुबंध में कुछ नए नियम जोड़े हैं। खिलाड़ियों को विकल्प दिया जाएगा जिसमें उन्हें राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी उपलब्धता को बताना होगा और उसके बाद विभिन्न फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंटों में खेलने की अपनी प्रतिबद्धता के बारे में बताना होगा।

## होण्डा 2व्हीलर्स इंडिया ने चरणबद्ध तरीके से शुरू किया उत्पादन

**गुरूग्राम ।** चरणबद्ध तरीके से अपने कारोबार की निरंतरता फिर से शुरू करते हुए, होण्डा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने मनेसर (हरियाणा), तापुकारा, (राजस्थान) और विट्ठलपुर (गुजरात) स्थित संयंत्रों में उत्पादन दोबारा शुरू करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां बताया कि वह अपने संयंत्र में चरणबद्ध तरीके से उत्पादन शुरू करने जा रही है। इसके साथ ही वह ऑथोराइज़्ड डीलरों के लिए सहयोग की घोषणा भी की है जो पूर्ण लॉकडाउन में थे। अपनी इस विशेष पहल के माध्यम से कंपनी उन डीलरों की इन्वेंटरी की ब्याज लागत का पूरा खर्च उठाएगी, जो 30 दिन या इससे अधिक अवधि के लिए लॉकडाउन में रहे हैं।

# पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर




**नई दिल्ली ।** पेट्रोल-डीजल के दाम आज रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर स्थिर रहे। इससे पहले शनिवार को इनमें इस महीने की 15वीं बढ़ोतरी की गई थी जिससे मुंबई में पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया है। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल आज 93.94 रुपये और डीजल 84.89 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। गत 04 मई से अब तक 15 दिन दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाये गये हैं जबकि 12 दिन इनके मूल्यों में बदलाव नहीं किया गया है। इस दौरान दिल्ली में पेट्रोल 3.54 रुपये और डीजल 4.15 रुपये महंगा हो चुका है। अन्य शहरों में भी पेट्रोल-डीजल के भाव अपरिवर्तित रहे। मुंबई में पेट्रोल 100.19 रुपये प्रति लीटर पर है। चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल 95.51 रुपये और कोलकाता में 93.97 रुपये पर है। डीजल की कीमत मुंबई में 92.17 रुपये, चेन्नई में 89.65 रुपये और कोलकाता में 87.74 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

# मैरी कॉम सहित चार महिला मुक्केबाज स्वर्ण जीतने उतरेंगी

**नई दिल्ली ।** छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरीकॉम सहित चार भारतीय महिला मुक्केबाज दुबई में जारी 2021 एएसबीसी एशियाई महिला एवं पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में रविवार को स्वर्ण पदक जीतने के इरादे से उतरेंगी।



पूजा रानी (75 किग्रा), अनुपमा (+81 किग्रा) और लालबुतसाही (64 किग्रा) के साथ ओलंपिक पदक विजेता अनुभवी मैरीकॉम आज अपने-अपने अंतिम मुकाबले खेलेंगी जहां उनका लक्ष्य देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल करना होगा। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) और यूएई बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में इस साल की खास बात यह है कि चैम्पियनशिप की पुरस्कार राशि में भारी इजाफा किया गया है। इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एआईबीए) ने इस चैंपियनशिप के लिए 4,00,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि आवंटित की है। स्वर्ण पदक विजेताओं को 10,000 अमेरीकी डालर से सम्मानित किया जाएगा, जबकि रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः 5,000 अमेरीकी डालर और 2,500 अमेरीकी डालर का पुरस्कार दिया जाएगा। मैरीकॉम सातवीं बार एशियाई चैम्पियनशिप में खेल रही हैं और वह अपने छठे स्वर्ण पदक के लक्ष्य के साथ 51 किग्रा फाइनल में दो बार की विश्व चैंपियन कज़ाख मुक्केबाज नाज़िम क्याज़ैबे की कड़ी चुनौती का सामना करेंगी। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकीं एक अन्य भारतीय पूजा रानी, जिन्हें सेमीफाइनल में वॉक-ओवर मिला था, का सामना उज़्बेकिस्तान की मावलुदा मोवलोनोवा से होगा।

मावलुदा ने अंतिम -4 में लंदन ओलंपिक में पदक जीतने

# एफपीआई ने मई में निकाले 988 करोड़ रुपये



**मुंबई ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपी आई) ने मई में अब तक भारतीय पूंजी बाजार से 12.39 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी की है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने मई के पहले चार सप्ताह में घरेलू पूंजी बाजार में 1,87,589.29 करोड़ रुपये लगाये जबकि इसी दौरान 1,88,577.50 करोड़ रुपये निकाले भी। इस प्रकार उन्होंने 988.21 करोड़ रुपये यानी 12.30 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी की है। एफपीआई ने शुद्ध रूप से 44.68 करोड़ डॉलर के शेयर और 4.94 करोड़ डॉलर के डेट बेचे। वहीं, अन्य माध्यमों जैसे डेट-वीआरआर और हाइब्रिड में उन्होंने शुद्ध रूप से पूंजी लगाई।

यह लगातार दूसरा महीना है जब एफपीआई ने बाजार से पूंजी निकाली है। अप्रैल में उन्होंने शुद्ध रूप से 118.56 करोड़ डॉलर (करीब 8,836) करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की ?थी।

# लगातार दूसरे सप्ताह मजबूत हुआ सोना

**मुंबई ।** विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी के बीच घरेलू स्तर पर भी बीते सप्ताह सोने-चांदी के भाव चढ़ गये।

एमसीएक्स वायदा बाजार में सोने की कीमत सप्ताह के दौरान 138 रुपये चढ़कर 48,542 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई। सोना मिनी भी 153 रुपये की साप्ताहिक तेजी के साथ अंतिम कारोबारी दिवस पर 48,543 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ।

वैश्वि?क स्तर पर बीते सप्ताह सोना हाजिर 22.35 डॉलर चमककर 1,904.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। अगस्त का अमेरिकी सोना वायदा भी 24.50 डॉलर की बढ़त के साथ शुक्रवार को 1,906.30 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ।

घरेलू स्तर पर चांदी समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 562 रुपये मजबूत हुई और सप्ताहांत पर 71,611 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी मिनी की कीमत 571 रुपये चढ़कर 71,650 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी हाजिर 0.34 डॉलर की साप्ताहिक गिरावट के साथ 27.93 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# सायना और श्रीकांत टोक्यो ओलम्पिक नहीं खेल पाएंगे



**नई दिल्ली ।** ओलम्पिक पदक विजेता भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल का टोक्यो ओलंपिक में खेलने का सपना टूट गया है।सायना इस साल होने वाले टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने इस बात की जानकारी दी है। सायना के साथ साथ किदांबी श्रीकांत भी टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने में कामयाब नहीं हो पाए।

विश्व बैडमिंटन महासंघ ने साफ किया कि क्वालीफिकेशन अवधि के अंदर कोई और टूर्नामेंट नहीं होगा और मौजूदा रैंकिंग सूची में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। विश्व के पूर्व नंबर एक पुरूष खिलाड़ी श्रीकांत और लंदन खेलों (2012 ओलंपिक) की कांस्य पदक विजेता सायना की उम्मीदें लगभग उसी वक्त टूट गयी थी जब कोविड-19 महामारी के कारण सिंगापुर में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के आखिरी टूर्नामेंट को रद्द कर दिया गया था।

बीडब्ल्यूएफ ने कहा, 'बीडब्ल्यूएफ पुष्टि करता है कि टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों के क्वालीफाइंग समय के अंदर अब कोई और टूर्नामेंट नहीं खेला जाएगा। टोक्यो खेलों की क्वालीफाइंग अवधि आधिकारिक तौर पर 15 जून 2021 को खत्म हो रही है, ऐसे में वर्तमान रेस टू टोक्यो रैंकिंग में बदलाव नहीं होगा। ' मौजूदा स्वास्थ्य संकट के कारण, विश्व निकाय ने तीन महत्वपूर्ण आयोजनों के स्थगित करने के बाद क्वालीफिकेशन अवधि को लगभग दो महीने बढ़ाकर 15 जून कर दिया था।

# विदेशी मुद्रा भंडार नये रिकॉर्ड स्तर पर




**मुंबई ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ लगभग 593 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 21 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 2.87 अरब डॉलर बढ़कर 592.89 अरब डॉलर हो गया जो अब तक का उच्चतम स्तर है। इससे पहले 14 मई को समाप्त सप्ताह में यह 56.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 590.03 अरब डॉलर पर रहा था।

केंद्रीय बैंक ने बताया कि 21 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.65 अरब डॉलर बढ़कर 548.52 अरब डॉलर पर रहा। इस दौरान स्वर्ण भंडार भी 1.19 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 37.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 2.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.02 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 70 लाख डॉलर की वृद्धि के साथ 1.51 अरब डॉलर पर रहा।

सुविधा

## रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सप्ताह के दौरान 4.70 प्रतिशत चढ़ा

# शेयर बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर




**मुंबई ।** कोविड-19 के मामलों में कमी से घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह लगातार दूसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर कोविड के ग्राफ के साथ ही जीडीपी के आंकड़ों पर भी रहेगी।


वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े सोमवार को जारी होने हैं। महामारी के कारण जीडीपी में गिरावट तय है। देखने वाली बात यह होगी कि यह गिरावट कितनी रहती है और चौथी तिमाही में कितना सुधार देखने को मिलता है।

पिछला सप्ताह निवेशकों के लिए अच्छा रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सभी पांच कारोबारी दिवस बढ़त में रहा। पूरे सप्ताह के दौरान 260.35 अंक यानी 1.72 फीसदी चढ़कर ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर 15,435.65 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स भी 882.40 अंक यानी 1.75 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ 51,422.88 अंक पर पहुंच गया जो करीब तीन महीने का उच्चतम स्तर है। इसमें मंगलवार को छोड़ अन्य चार दिन तेजी रही। मझौली कंपनियों का सूचकांक मिडकैप 176.08 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 21,661.83 अंक पर बंद हुआ। छोटी कंपनियों का सूचकांक स्मॉलकैप 348.29 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में 23,478.69 अंक पर पहुंच गया। मिडकैप और स्मॉलकैप भी गुरुवार को ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गये थे हालांकि शुक्रवार को इनमें गिरावट रही।

समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों के शेयरों में साप्ताहिक तेजी और शेष नौ में गिरावट रही। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सबसे अधिक 5.22 प्रतिशत चढ़ा। बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की अन्य कंपनियों में बजाज फिनसर्व का शेयर 3.93 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 2.42 प्रतिशत, बजाज ऑटो का 1.85 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 1.27 प्रतिशत, एचडीएफसी का एक प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 0.28 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक का 0.26 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक का 0.12 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा जबकि बजाज फाइनेंस का शेयर 0.38 प्रतिशत लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी सप्ताह के दौरान 4.70 प्रतिशत चढ़ा। आईटी एवं टेक कंपनियों में तेजी रही। टेक महिंद्रा में 4.64 फीसदी, इंफोसिस में 3.70 फीसदी, टीसीएस में 2.07 फीसदी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.40 फीसदी की मजबूती दर्ज की गई।

# ओलम्पियन सुशील की पुलिस हिरासत चार दिन और बढ़ी



**नई दिल्ली ।** दिल्ली की एक अदालत ने दो बार के ओलम्पिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार और उनके सहयोगी अजय बक्करवाला को छत्रसाल स्टेडियम में एक पहलवान सागर धनखड़ की कथित हत्या के मामले में चार दिन के लिए और पुलिस हिरासत में दे दिया है। पुलिस ने सात और दिनों की रिमांड मांगी थी लेकिन ड्यूटी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मयंक गोयल के हवाले से लाइव लॉ ने कहा ,'न्याय के हित में मुझे लगता है कि पुलिस को चार और दिन की हिरासत दी जा सकती है। ' 38 वर्षीय पहलवान सुशील चार मई की रात को घटना के बाद से ही फरार थे। उन्हें दिल्ली पुलिस ने 23 मई की सुबह राजधानी के मुंडका इलाके से गिरफ्तार किया था । उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी था। रोहिणी की अदालत ने उन्हें तब छह दिन की पुलिस हिरासत में दिया था जिसे अब चार दिन और बढ़ा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में चार मई की रात दिल्ली के मॉडल टॉउन थाने के इलाके में पहलवान सुशील और उसके साथियों ने एक फ्लैट से सागर और उसके दोस्तों का अपहरण किया। फिर छत्रसाल स्टेडियम में ले जाकर उनकी बेरहमी से पिटाई की।

इसमें सागर बुरी तरह घायल हो

# कोयलांचल की सेवा बस्तियों में स्वयंसेवकों व सेवा भारती अनूपपुर ने बढाया सहयोग का हाथ







# गरीब जनजातीय परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण कर, वितरित किया राशन किट्स

नूपपुर (नवप्रदेश)।द `श में संक्रमण से बचाव के लिये लगाए गये लाकडाउन के चलते मजदूरी , किसानी करके रोज कमाने - रोज खाने वाले सैकड़ों गरीब परिवारों के सामने भोजन का संकट उठ खडा हुआ है। अनूपपुर जिले के ऐसे गरीब परिवारों की पीड़ा को महसूस करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने कोयलांचल की गरीब सेवा बस्तियों में सेवा - सहयोग का हाथ आगे बढाया है।*

अनूपपुर जिले के छत्तीसगढ सीमा से लगे राजनगर, पौराधार, कुडकूदफाई, पुलिया दफाई,आमाडांड, डूमरकछार, फुलवारीटोला, निमहा,भाठीसरई, बैगादफाई, कालीबस्ती, झिरियाटोला,

कबीरबस्ती,बनगंवा, भलमुडी जैसे गांव और गरीब बस्तियों में सेवाभारती ने गरीब, जरुरतमंद लगभग 500 परिवारों को चिन्हित करके उनमें से कुछ का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं जरूरतमंद परिवारों को राशन किट्स प्रदान किया।


*स्वास्थ्य कर्मियों की सहायता से कुछ जगहों पर , जहाँ टेस्टिंग सुविधा नहीं थी,वहाँ सुरक्षात्मक पीपीई किट पहन कर कोरोना जांच में मदद की ।

इसी प्रकार से स्वयंसेवकों के परिवारों ने चावल, आटा, दाल, तेल, आलू, प्याज, नमक, मसाला, साबुन और मास्क का किट्स तैयार किया। जिसे स्वयंसेवकों द्वारा जरुरतमंद परिवारों के घरों में जाकर इसे वितरित किया गया।

कुछ बस्तियों में महीनों से राशन ना मिलने की शिकायते थी। जब स्वयंसेवकों द्वारा ऐसे जनजातीय, गरीब परिवारों को राशन पहुंचाया गया तो उनके द्वारा बिना मांगे ईश्वरीय सहयोग जैसा महसूस किया गया। सिर्फ पौराधार की गरीब सेवा बस्ती के पचास परिवारों को सूखे राशन का पैकेट दिया गया। अन्य स्थानों पर भी जन सहयोग से तैयार राशन किट्स का नि÷ शुल्क वितरण किया गया । सेवाभारती क? ऐसे जीवन रक्षक सहयोगी कार्यों की लोगों में खूब चर्चा है तथा सर्वत्र सराहना हो रही



## पथरिया थाना व चेरठ चौकी पुलिस ने पकडी कच्ची अवैध शराब



दमोह, पथरिया, दमोह पुलिस अधीक्षक डी आर तेनीवार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह के निर्देश पर सीएसपी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में पथरिया थाना प्रभारी एच आर पांडे के द्वारा जेरठ पहुंचकर जेरठ चौकी प्रभारी संजय सिंह के साथ पथरिया थाना के स्टाफ एवं महिला स्टाफ के साथ मिलकर कुबेर पिता रामदयाल लोधी एवं बबलू पिता भैयन सिंह लोधी दोनों के द्वारा संयुक्त रुप से कच्ची शराब लगभग 60 लीटर दबिश देकर जप्त की साथ ही 4 डिब्बे महुआ लहान के साथ 3 बोरी महुआ लहान भी मौके पर नष्ट किया गया मामले में 34/2 आबकारी एक्ट के साथ आईपीसी की धारा 188 ,269, 270 आपदा प्रबंधन 51 के तहत मामला दर्ज कर दोनों की गिरफ्तारी की गई !

### शहडोल संभाग में मिल्क रूटों को सक्रिय करें- कमिश्नर

# नगरीय क्षेत्रों एवं मंडियों में सांची दुग्ध पार्लर स्थापित कराएं- कमिश्नर

शहडोल (नवप्रदेश)। कमिश्नर शहडोल संभाग राजीव शर्मा ने शहडोल संभाग के नगरीय क्षेत्रों और मंडियों में सांची दुग्ध पार्लर स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दुग्ध संघ के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि संभाग के ऐसे नगरीय क्षेत्र एवं मंडियां जहां दूध विक्रय की अच्छी संभावनाएं हो ऐसे नगरीय क्षेत्रों एवं मंडियों में सांची दुग्ध पार्लर स्थापित करने के लिए कार्यवाही की जाए। कमिश्नर ने कहा है कि शहडोल संभाग में दुग्ध उत्पादन की विपुल संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए शहडोल संभाग के पुराने मिल्क रूटों को पुनः सक्रिय किया जाए।



कमिश्नर शहडोल संभाग ने कहा है कि शहडोल संभाग में दुग्ध उत्पादन की विपुल संभावनाएं हैं जिन्हें दृष्टिगत रखते हुए किसानों को दुग्ध उत्पादन की गतिविधियां बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कमिश्नर शहडोल संभाग ने उक्त निर्देश गुरुवार को पशु चिकित्सा विभाग एवं दुग्ध महासंघ के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए।

बैठक में कमिश्नर ने राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के जिन गांव में राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान योजना के तहत पशुधन का गर्भाधान किया गया है, उनकी सूची मुहैया कराया जाए। कमिश्नर ने कहा कि वह किसी भी गांव में जाकर पशुपालकों से स्वयं चर्चा करेंगे तथा कार्य वास्तविक में हुआ है अथवा नहीं इसके संबंध में जानकारी लेंगे।

बैठक में कमिश्नर ने नस्ल सुधार योजना, पशु उपचार, योजना टीकाकरण योजना, तथा किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पशुपालकों को वास्तविक में मिलना चाहिए।

बैठक में उपायुक्त राजस्व वी0के0 पांडेय, संयुक्त संचालक कृषि जे0एस0 पेंद्राम, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ0 वी.एस. चौहान, दुग्ध महासंघ के अधिकारी आर0के0 सोनी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोरोना जाँच शिविर में सहयोग कर रहे हैं कोरोना वालंटियर्स

अनूपपुर (नवप्रदेश)। जिले में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण पाने के लिए जन अभियान परिषद के पंजीकृत वालंटियर्स ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कोरोना जांच षिविर आयोजित करवाने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इस क्रम में विकासखण्ड कोतमा अंतर्गत कोविड जांच केन्द्र सीएलके बिजुरी में जन अभियान परिषद के कोरोना वालंटियर्स मुकेश गौतम, नजीर खान, महेन्द्र कुमार यादव, सबीहा बानो, प्रभा महरा, प्रेमवती सिंह, बीरन सिंह एवं अभिषेक शुक्ला के द्वारा कोविड जांच केन्द्र में व्यवस्था संभालने में सहयोग प्रदान किया गया। साथ ही लोगों को सामाजिक दूरी बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत छिल्पा में कोरोना टेस्ट शिविर के आयोजन के दौरान कोरोना वालंटियर्स अजय शर्मा व अंकित प्रजापति ने व्यवस्थाएं बनाने में सहयोग प्रदान किया। फलस्वरूप गांव के 82 लोगों का टेस्ट किया गया, जिसमें 3 पॉजीटिव पाए गए। जबकि विगत दिनों ग्राम देवरी में लगाए गए कैम्प में, कोरोना वालंटियर्स ओमवती व रोशनी सोनी द्वारा सहयोग दिया गया और उपस्थित लोगों को निःशुल्क मॉस्क बाँटे गए।

टीकाकरण केंद्र राजेन्द्रग्राम में हिमांशू सोनी व उनके सहयोगी, मुकेश गौतम अभिषेक शुक्ला बिजुरी में, दीपेश जैन,ज्ञान सिंह,दीपिका कोतमा,सुमिता शर्मा ,जय कुमार राजनगर में तथा अनिल मिश्र संजयनगर में तथा रश्मि खरे चचाई में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

कोरोना वालंटियर्स राजेन्द्रग्राम में 18 से 44 उम्र के 35 लोगो को प्रेरित कर टीकाकरण करवा चुके हैं। जिसमें कुछ कोरोना वालेंटियर्स भी शामिल है। कोरोना वालेंटियर सचिव कुमार की अगुवाई में ग्राम करौंदी में जनता कर्फ्यू लगाकर रोको टोको अभियान चलाया जा रहा है। वालेंटियर गोपिका तिवारी ग्राम अमदरी में ,रामप्रसाद जयसवाल ग्राम जर्राटोला में,ऋष्ण कुमार जयसवाल जरियारी में राशन दुकानों के सामने सामाजिक दूरी बनाककर सामग्री वितरण करने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत धनगवां पूर्वी में कोरोना वॉलिंटियर दुर्गा दत्त तिवारी के द्वारा कोविड-19 संक्रमित व्यक्तियों के घर जाकर मास्क तथा दवाई किट उपलब्ध कराए गए तथा उन्हें समझाया गया कि घर से बाहर ना निकलें और मास्क लगाकर रखें तथा एक दूसरे से दूरी बनाए रखें। गांव को कोरोना मुक्त बनाने के लिए कोरोना वालंटियर्स दुर्गा दत्त तिवारी, रवि दत्त तिवारी, दिनेश विश्वकर्मा कोरोना मुक्त गांव करने के लिए प्रयास कर रहे हैं तथा लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। इसी प्रकार विकासखंड जैतहरी के ग्राम पंचायत मेडियारास में कोरोना वालंटियर्स मोहन सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत चकेठी के अंतर्गत मौहार टोला ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण के दौरान दीवाल लेखन के माध्यम से गांववासियों को जागरूक किया और बिना मास्क वाले व्यक्तियों को समझाया एवं सभी को मास्क लगाने एवं वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया।

## कोरोना वालेंटियर ने पीडीएस दुकान में बांटे मास्क



अनुपपुर(नवप्रदेश)। जिले के विकासखंड कोतमा अंतर्गत गाँव बुढ़ानपर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् कोतमा के अंतर्गत मार्गदर्शन ( परामर्शदाता) मो. नजीर खान जी के मार्गदर्शन में कोरोना वालेंटिय 'प्रतिभा साहू के द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु अपने ग्राम के पी डी एस राशन दुकान में सामाजिक दूरी हेतु चिहांकन किया गया निशुल्क मास्क वितरण करते हुए लोगों के हाथ सैनेटाइज कराया गया तथा मास्क लगाने हेतु प्रेरित किया गया उक्त कार्य में कोटेदार चद्रंशेखर का अतुलनीय योगदान रहा।

## मौत के बाद पूरे गांव को एसडीएम ने किया सील

अनुपपुर( नवप्रदेश)। कोरोना संक्रमण का फैलाव अब गांव की ओर होने लगा है । जिसको देखते हुए जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम बसखला में कोतमा एसडीएम ऋषि सिंघई के निर्देशन में तहसीलदार मनीष शुक्ला पटवारी रामसिंह मयंक चतुर्वेदी के द्वारा 13 मई को बसखला गांव पहुंचकर जानकारी ली तो 11 व्यक्ति कोरोना पाजिटिव मिले तथा एक व्यक्ति की कोरोना से मौत हो गई जिसको देखते हुए प्रशासन के द्वारा बसखला गांव को पूरी तरह से सील करते हुए कंटेनमेंट जोन बना दिया गया है । बाहरी व्यक्तियों के आने जाने पर रोक लगाते हुए गांव के लोगों के बाहर निकलने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है । प्रशासन के द्वारा बसखला गांव में स्वास्थ्य विभाग के मदद से प्रत्येक व्यक्तियों की स्कैनिंग करवाते हुए कुरोना के सैंपल की कार्यवाही करवाई जा रही है ।

# तीस लोगों की टीम होम आईसोलेट मरीजों का बनी सहारा

अनूपपुर (नवप्रदेश)। क्या आपको पिछले 24 घंटे में बुखार आया है ? क्या आपको खांसी है ? क्या आपको सांस लेने में दिक्कत है? क्या आपको अन्य कोई समस्या है । क्या आपके घर के किसी अन्य सदस्य को सर्दी, खांसी,जुकाम, बुखार के लक्षण हैं। क्या आप घर के अन्य सदस्यों के सीधे संपर्क में हैं? क्या आपको मेडिकल किट प्राप्त हुई है ।

कोविड टेस्ट रिपोर्ट पाजिटिव होने पर गंभीर लक्षणों वाले मरीजों को कोविड सेंटर में रखा जाता है लेकिन हल्के लक्षण वाले मरीजों को होम आईसोलेट कर दिया जाता है। आम नागरिकों को यही लगता है कि होम आईसोलेट मरीजों को सरकार या प्रशासन उनके हाल पर छोड़ देती है।

जी ! नहीं ज.ऊपर लिखे सात प्रश्न लगातार दो सप्ताह तक मरीजों से प्रतिदिन फोन द्वारा पूछ कर उन्हे उचित सलाह दी जाती रही है। सरकार ने प्रत्येक जिले में कोविड कमांड एवं नियंत्रण केन्द्र स्थापित किया है। जिसके माध्यम से होम आईसोलेट मरीजों की नियमित जांच पड़ताल की जाती है।



पिछले एक माह से अनूपपुर जिला मुख्यालय के संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय के ऊपरी परिसर में जिला कोविड कमांड एवं नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य कर रहा है। पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रमोहन ठाकुर एवं अब नवागत कलेक्टर सोनिया मीणा एवं सीएमएचओ डा एस सी राय के कुशल मार्गदर्शन एवं डा आर पी श्रीवास्तव ,पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नोडल अधिकारी के नेतृत्व में कार्यरत इस कमांड सेंटर में डा श्रीवास्तव के साथ नितिन तिवारी और आनंद मोहन मिश्रा के साथ लगभग 30 लोगों की टीम कोविड कमांड सेंटर में सुबह से शाम तक जिले के प्रत्येक ग्राम स्तर पर होम आईसोलेट मरीजों से नियमित दोनों वक्त उनकी तबियत का परीक्षण सात सवालों के माध्यम से करते हैं। डा श्रीवास्तव ने बतलाया कि कोविड कमांड सेंटर मुख्यतः युवाओं पर आधारित चुस्त ङ्क दुरस्त ,स्वस्थ लोगों की ऐसी टीम है जो नियमित सुबह ङ्क शाम मरीजों से बिना झुंझलाए, बिना थके , सरल भाषा में बात करके उन्हे सहयोग करते हैं। एक व्यक्ति अधिकतम 50-60 लोगों से बात करता है। बतलाया गया कि इस समय होम आईसोलेट मरीजों की संख्या काफी कम हो गयी है। जब बीमारी चरम पर थी तब कमांड सेंटर से एक दिन में अधिकतम 1500 मरीजों से बात की गयी।

कोरोना बीमारी का संक्रमण जब चरम पर था तब और आज भी लोगों का ध्यान कोविड सेंटर , आईसीयू में ही था। लेकिन जिला प्रशासन और चिकित्सकीय टीम ने एक वक्त के लिये भी घरों में बंद, होम आईसोलेशन की पीड़ा झेल रहे मरीजों को अकेला नहीं छोड़ा। इसने यह भी तय किया कि यदि कहीं मेडिकल किट ना पहुंचने की शिकायत हो तो वहाँ दवाईयां तत्काल उपलब्ध करवा कर स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाए। कोरोना के कठिन समय में ऐसे बहुत से छुपे योद्धा हैं जो मीडिया या प्रचार ङ्क प्रसार से दूर रहते हुए ,संक्रमण के खतरों के बीच नियमित कर्तव्यवहन करते रहे। हमारा एक सैल्यूट इन जैसे तमाम योद्धाओं को भी।

## संपादकीय

# सरकार का सराहनीय कदम

भारत में कोरोना ने बड़ी संख्या में बच्चों को अनाथ बना दिया है। कोरोना के कारण कई बच्चों के सिर से उनके मा बाप का साया उठ गया है। इन अनाथ बच्चों की सुध लेने के लिए विभिन्न राज्यों की सरकारों ने और केन्द्र सरकार ने अपना हाथ आगे बढ़ाया है। सरकार का यह कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, बच्चे हमारे देश का भविष्य है उनका संरक्षण हम सभी की सामुहिक जिम्मेदारी है। कोरोना की वजह से अनाथ हुए बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन बच्चों की मदद के लिए पीएम केयर फंड से मदद मुहैया कराने की घोषणा की है। ऐसे सभी अनाथ बच्चों को दस लाख रूपए की मदद की जाएगी। यही नहीं बल्कि इन सभी बच्चों की शिक्षा का खर्च भी सरकार वहन करेगी और उन्हे उच्च शिक्षा के लिए दिए जाने वाले लोन का ब्याज भी सरकार ही अदा करेगी। इसी तरह विभिन्न राज्य सरकारों ने भी अपने अपने प्रदेशों में कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों के लिए कई तरह की घोषणाएं की है। कुछ राज्यों ने बच्चों के लिए मासिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का एलान किया है तो कुछ राज्यों ने ऐसे बच्चों को एक मुस्त सहायता राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की है।उत्तर प्रदेश सरकार ने अनाथ हुई लड़कियों के विवाह के लिए एक लाख रूपए तक की मदद देने की घोषणा की है। निश्चित रूप से केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों की इस मदद से अनाथ हुए बच्चों को भारी राहत मिलेगी। सरकार के इस काम में माननीयों को भी अपनी सहभागिता दर्ज करानी चाहिए। सांसदों और विधायकों को चाहिए कि जिस तरह वे गावों को गोद लेते है उसी तरह कुछ अनाथ बच्चों को भी गोद लें और उनको मदद मुहैया कराएं ताकि इन अनाथ बच्चों को भविष्य उज्जवल हो सकें। इस नेक कार्य में स्वयं सेवी समाजिक संगठनों को भी हाथ बटाना चाहिए। समाजिक संगठन भी ऐसे बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उनके लालन पालन, देखभाल और शिक्षा दिक्षा की व्यवस्था करने में सक्रीय भूमिका निभा सकते है। सभी मिल कर इन अनाथ बच्चों के लिए कुछ न कुछ करेंगे तभी इन बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सकेगा।

## विचार


डॉ. वेदप्रताप वैदिक

# कोरोनाः भारत की बदनामी ?

'न्यूयार्क टाइम्स' ऐसी बेसिर-पैर की खबर छाप सकता है, इसका विश्वास मुझे नहीं होता। उसमें 12 विशेषज्ञों के हवाले से यह छापा है कि भारत में पिछले साल भर में कोरोना से लगभग 42 लाख लोगों की मौत हुई है और 70 करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमित या बीमार हुए हैं। क्या भारत के हर दूसरे आदमी को कोरोना हुआ है ? यह आंकड़ा कितना बनावटी है, इसका अंदाज आप इसी से लगा सकते हैं कि यह सर्वेक्षण करनेवालों में पहले समूह ने माना है कि 40 करोड़ लोग संक्रमित हुए और सिर्फ 6 लाख लोग मरे। इसी सर्वेक्षण के दूसरे समूह ने कहा कि 53 करोड़ रोगी हुए और 16 लाख मरे। अब आप ही बताइए किसे सच मानें ? कहाँ 6 लाख और कहाँ 42 लाख ? इन डॉक्टरों ने छलांग भी छोटी-मोटी नहीं लगाई। वे पूरे सात गुनी ऊँचाई पर उछल पड़े। इतनी ऊँची छलांग तो कोई भांग खाकर ही लगा सकता है। वह जान-बूझकर भी लगाई जा सकती है। 'न्यूयार्क टाइम्स' अमेरिका का सबसे बड़ा अखबार है। यह यहूदियों का अखबार है। उसे भारत से यह शिकायत हो सकती हैं कि उसके प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में पहले फ्लस्तीनियों के पक्ष में तगड़ा बयान क्यों दे दिया था ? उसने यह चलताऊ खबर छापकर शायद यह संदेश देने की कोशिश की है कि कोरोना-युद्ध में भारत मात खा गया है। अमेरिका उससे कहीं आगे है। लेकिन असलियत क्या है ? अमेरिका में कोरोना से छह लाख लोग मरे हैं तो भारत में कम से कम छह लाख तो मारने ही पड़ेंगे। लेकिन छह लाख भी कम हैं, क्योंकि भारत की जनसंख्या अमेरिका से 6-7 गुनी है। इसलिए उसे 47 लाख कर दिया गया। यह ठीक है कि 3-4 लाख मौतों का सरकारी आंकड़ा एक दम तथ्यात्मक नहीं हो सकता है, क्योंकि गांवों में कौन कोरोना से मरा है और कौन नहीं, इसका पता करना आसान नहीं है लेकिन भारत को नीचा दिखाने के लिए आप कुछ भी ऊटपटांग सर्वेक्षण हमें परोस दें और हम उसे चुपचाप मान लें, यह कैसे हो सकता है ? यह सर्वेक्षण पेश करनेवाले 12 डॉक्टरों को क्या यह पता नहीं है कि एलोपेथी पर अरबों-खरबों रुपया खर्च करके भी अमेरिका इतना पिट लिया जबकि भारत अपने घरेलू मसालों, काढ़ों, आयुर्वेदिक, हकीमी और होम्योपेथी दवाइयों के दम पर कोरोनों से लड़ रहा है। पिछले साल यदि भारत की सभी सरकारें और जनता लापरवाही नहीं करतीं तो भारत में हताहतों का प्रतिशत नहीं के बराबर ही रहता। भारत ने लगभग 100 देशों को 6 करोड़ टीके दिए हैं और एलोपेथी-चिकित्सा करने में हमारे डॉक्टरों और नर्सों ने जबर्दस्त सेवा और कुबार्नियां की हैं लेकिन गैर-सरकारी अस्पतालों ने जो लूट-पाट मचाई है, क्या वैसी लूट-पाट भारतीय वैद्यों, हकीमों और होम्योपेथों ने मचाई है ? यदि भारत में अमेरिका-जैसी स्वास्थ्य-सेवाएं होतीं तो कोरोना से हताहतों की संख्या यहाँ सैकड़ों या हजारों तक ही सीमित रहतीं। इसमें शक नहीं कि इस महामारी ने पूरे भारत को प्रकंपित कर दिया है और हमारी सरकारों और नेताओं की छवि को विकृत भी कर दिया है लेकिन यह भी न भूलें कि लगभग 20 करोड़ लोगों को टीके लग चुके हैं और ज्यादातर राज्यों की स्थिति में काफी सुधार है। केंद्र और राज्यों की सरकारें तथा अगणित जनसेवी संगठन गजब की सेवा और मुस्तैदी दिखा रहे हैं। अमेरिका सहित दर्जनों राष्ट्र भी भारत की यथासंभव सहायता करने में जुटे हुए हैं। भारत इससे जल्दी ही पार पाएगा।

# भारत की वैक्सीन डिप्लोमेसी फेल?


कुमार रमेश

> बहरहाल, महामारी का दंश तो अब लग ही चुका है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं, कि भारत फिर उठेगा। हालांकि सरकारों की नाकाम नीतियों की वजह से जिन्होंने अपनों को खोया, उसकी भरपाई संभव नहीं है। निश्चित ही यह एक दुख है, लेकिन किसी एक व्यक्ति या पार्टी की नीतियों से राष्ट्र की परंपरा और मानवता का धर्म नहीं बदला करते। यह महामारी भी राष्ट्र के भविष्य की दिशा तय करने के लिए अन्ततः एक अच्छा सबक साबित होगा, जो प्रकृति को गति, मानवता को बढ़ावा और संसाधनों की उपर्युक्त जरूरत को मजबूती प्रदान करेगा। यही इस कोरोनावायरस का मूल सिद्धांत है कि मानव, धर्म और विज्ञान कभी भी प्रकृति से ऊपर नहीं उठ सकतीं और इससे खिलवाड़ पूरी मानवजाति का विनाश ही होगा।

स्पेनिश फ्लू महामारी के एक सदी बाद आज कोरोनावायरस ने मानवजाति को उस मुकाम पर ला खड़ा किया है जहां पर औद्योगिक क्रांति, तकनीक और संसाधनयुक्त विकास सिर्फ छलावा रह गया है। आर्कटिक से लेकर अंटार्कटिका तक और सहारा रेगिस्तान से लेकर 4.60 करोड़ एकड़ में जलकर ख़ाक हो चुके ऑस्ट्रेलिया के जंगलों तक, आज प्रकृति भी खुद को बचाने की कोशिश में लगी हुई है। कहा जाता है कि अमेज़न रैनफॉरेस्ट इस पृथ्वी का फेफड़ा है, जिसके नुकसान से मानवजाति गहराई तक प्रभावित हो सकती है। कुछ इसी तरह की परिस्थिति आज भारत में कोरोना के दूसरी लहर ने निर्मित कर दिया है, जो प्रतिदिन चार लाख से ज्यादा संक्रमण फैलाने और अनाधिकारिक रूप से 16 लाख से ज़्यादा लोगों को मौत की नींद सुला चुका है। एक पल खुशी का भी आया था, जब भारत सरकार आजादी के बाद पहली बार, अमेज़न रैनफॉरेस्ट की तरह दुनिया का फेफड़ा बनकर उभरी थी, लेकिन आज खुद भारत ऑक्सीजन और वेंटीलेटर पर लेटा है। यह सब हुआ गैर-जिम्मेदार और राजनीतिक लापरवाही के कारण। भारत ने महामारी की शुरुआत में 150 से भी ज्यादा देशों को क्लोरोक्वीन की दवा भेजी, साथ ही मास्क और पीपीई किट में आत्मनिर्भर बनते हुए दुनिया को इसका एक्सेस मुहैया कराया, तब दुनिया हमें फार्मास्यूटिकल्स हब मानती थी। आज भारत ने फिर से महामारी से लोगों को बचाने के लिए 90 से ज्यादा देशों को 6.60 करोड़ वैक्सीन भेजी हैं। यकीनन सदियों बाद यह पहली बार ही था जब भारत ने किसी कूटनीतिक मामले में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान जैसी महाशक्तियों को खुदपर निर्भर बनाया। इस दौर में रहने वाले दुनियाभर की 7.8 अरब लोगों ने पहली बार वसुधैव कुटुंबकम् वाले भारत को देखा और वैश्विक सरकारों के साथ ही वॉल स्ट्रीट जर्नल जैसी अनेकों नामी संस्थानों ने भारत को वैक्सीन का सुपरपावर कहते हुए, भारतीय सरकार की अविश्वसनीय दूरदर्शिता और कूटनीति की तारीफ़की, क्योंकि कई देशों को दी गई यह मदद व्यापार नहीं अनुदान था।

चूँकि भारतीय राज्यों में चुनाव और सत्ता परिवर्तन की महत्वाकांक्षा ने राजनीतिक शिखर पर बैठे नेता को अतिआत्मविश्वासी बना दिया, इसलिए देश में यह त्रासदी आयी है। 28 जनवरी 2021 को विश्व आर्थिक मंच की वर्चुअल बैठक में, दुनियाभर के नेताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना से लड़ाई में भारत को विजेता घोषित कर दिया, वहीं पर हुई इस जगहंसाई और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की जल्दबाजी ने 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी बनने के सपने को लाखों टुकड़ों में तोड़कर बिखेर दिया। चुनावी रैलियों में भीड़ और बहुसंख्यक धार्मिक आयोजन को नजरअंदाज करके सत्ताधीश ने संक्रमण की सुनामी को भारत की आत्मा यानी गांव में घर-घर तक पहुंचा दिया है। इसी का परिणाम है कि रवांडा, डेनमार्क, जापान, और ब्रिटेन के राष्ट्रध्यक्षों ने भारत की अपनी द्विपक्षीय यात्रा को कैंसिल कर दिया। सिर्फ इतना ही




नहीं, खुद प्रधानमंत्री मोदी को भी पुर्तगाल, फ्रांस और जी7 शिखर सम्मेलन के लिए ब्रिटेन दौरा रद्द करना पड़ा। चूंकि भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य पर आजादी के बाद से कभी ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया, इसलिए आज घर-घर से लाशें निकलकर, शमशानों को पार करते हुए, जीवित नदी का दर्जा प्राप्त गंगा में तैर रही हैं। यही हाल अब भारत की टीका कूटनीति का भी हो चला है। जिस 6.60 करोड़ वैक्सीन को भारत ने 90 देशों में भेजा, उनमें से सिर्फ 1 करोड़ वैक्सीन ही अनुदान था, जबकि 2 करोड़ टीका विश्व स्वास्थ्य संगठन और गावी संगठन के कोवैक्स प्रोग्राम के तहत भेजी गई थीं, और तो और 3.6 करोड़ वैक्सीन को सरकार ने विभिन्न देशों को बेचा था; लेकिन भारत सरकार ने पूरी दुनिया में इसे दान की राजनीति के रूप में प्रचारित करने में कोई कसर नहीं छोड़ा। उन्होंने देशवासियों को भी पहले कभी नहीं बताया कि विभिन्न राजदूतों के साथ जिस वैक्सीन बॉक्स की फोटोज को विदेश मंत्रालय रोज़ अपने वेबसाइट में अपलोड कर रहा था, वह दरअसल सिर्फ मदद नहीं, बल्कि 84 प्रतिशत बिजनेस था। क्या इसी तरह सरकार भारत की सॉफ्ट पॉवर को बढ़ाएगी, जबकि दूसरी ओर क्वाड समूह भारत को वैक्सीन हब बनाने की प्रतिबद्धता जता रहे हैं।

भारत ने जिन देशों को टीका बेचा और अनुदान दिया, उनकी शिकायत है कि भारत ने उन्हे अधर में छोड़ दिया। यद्यपि अब ना ही भारत उन्हें कोई वैक्सीन निर्यात कर रहा है, और ना देश की जरूरतों को ही पूरी कर पा रहा है। स्थितियां यह है कि दुनिया के कई देश, विशेषकर अफ्रीकी महाद्वीप से, भारत सरकार पर गुस्सा जाहिर करते हुए तत्काल वैक्सीन की मांग कर रहे हैं। इसलिए नहीं, कि उनके देशों में संक्रमण या मौतों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा बल्कि इसलिए ताकि वह जिन्हें पहला टीका लगा चुके हैं उन्हें उसकी दूसरी डोज दी जा सके, अन्यथा वैक्सीन का प्रभाव ही निष्क्रिय हो जाएगा; इससे भारत की पूरी मेहनत व सॉफ्ट पावर धरी की धरी रह जाएगी। दक्षिण अफ्रीका जैसे देश ने तो भारत की वैक्सीन को वापस तक लौटा दिया है, और हाल ही में ब्रिटेन, कनाडा, ब्राज़ील जैसे देशों ने भारत को वैक्सीन राष्ट्रवाद अपनाने पर भी खूब खरी-खोटी सुनाई है। यकीनन इससे भी देश की सॉफ्ट पॉवर और फॉर्मेसी हब की छवि को बहुत धक्का पहुंचा है। भारत की इस मजबूर स्थिति में वैक्सीन की इस कमी को पूरा करने का भार अब चीन और रूस ने उठाया है। दोनों ने सौम्यता और दबावपूर्वक तरीके अपनाकर अधिकतर देशों को जल्द से जल्द वैक्सीनेट करने की योजना प्रारंभ कर दी है, ताकि बाद में उन्हें रोकने के लिए कोई देश बचे ही ना। भारत आज अपने इस चोट का जिम्मेदार खुद ही है क्योंकि जो देश सदियों बाद, विश्वगुरु भारत के भरोसे थे; भारत ने उन्हें बीच रास्ते में ही छोड़ दिया। आत्मग्लानि तो तब और बढ़ जाती है कि उसी विश्वगुरु भारत के लिए अब छोटे-छोटे देशों से मदद आ रही है। इस तरह किसी दूसरे देश से मदद ना लेने की भारतीय नीति अब, लाखों लाशों के साथ किसी एक कब्र में दफ्न हो चुकी है। आज यूरोपियन यूनियन जैसे देश, भारत की हंसी उड़ा रहे हैं कि उन्होंने भारत को फार्मेसी का हब बनाकर सबसे बड़ी गलती कर दी। चार्ली हेब्दो जैसी मैगज़ीन के द्वारा कटाक्ष किया जा रहा कि जिस देश के पास 33 करोड़ देवी-देवता हैं, वो अपने लिए ऑक्सीजन तक नहीं बना पा रहा।

इन सब के बीच सरकारों द्वारा आंकड़े छुपाने का खेल भी ज़ारी है। हाल ही में न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपने एनालिटिकल आंकड़े जारी किए हैं जिसके अनुसार लगभग 70 करोड़ भारतीय कोरोनावायरस से संक्रमित हो चुके होंगे। कुछ समय पहले सीएनएन ने भी 50 करोड़ लोगों पर यह आंकलन किया था। लेकिन तथ्य सरकारी आंकड़ों से कोसो दूर हैं। मौत के आंकड़ों पर नजर डालें तो कुछ दिन पहले यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन ने अपने अनुमान में कहा था कि लगभग 7 लाख मर चुके हैं और जल्दी ही 10 लाख का आंकड़ा पार हो

# चिंताजनक है युवाओं में बढ़ती धूम्रपान की लत


योगेश कुमार गोयल

> नशे के दुष्प्रभावों पर लिखी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' के अनुसार सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। पुस्तक के अनुसार गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है।

दुनियाभर में पिछले कई दशकों में हुए अनेक अध्ययनों के आधार पर धूम्रपान को लेकर सर्वविदित तथ्य यही है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे व्यक्ति समझना ही नहीं चाहते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है।

एक ओर जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका जैसे कुछ विकसित देशों में इसके प्रचलन में पिछले दशकों में गिरावट दर्ज की गई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी जबकि 1991 में यह संख्या घटकर 26 फीसदी रह गई और पिछले तीन दशक में वहां धूम्रपान करने वालों की संख्या में और भी कमी देखी गई है। गहराई में जाने पर पता चलता है कि अमेरिका में सिगरेट की खपत में लगातार कमी आने की वजह से अमेरिका की सिगरेट कम्पनियों ने अपने घाटे की पूर्ति के लिए अपने उत्पादों को भारत तथा अन्य विकासशील देशों में खपाने की योजना बनाई और इसमें सफलता भी मिली। हमारे यहां व्यस्कों की आधी आबादी धूम्रपान या तम्बाकू का सेवन करती है जबकि धूम्रपान करने वाली व्यस्क महिलाओं



की संख्या भी 5-10 फीसदी के बीच है। यही नहीं, 15 वर्ष से अधिक आयु के 25 करोड़ से अधिक भारतीय किसी न किसी रूप में तम्बाकू सेवन के आदी हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में करीब 12 करोड़ लोग धूम्रपान करते हैं, जो दुनियाभर में धूम्रपान करने वालों का करीब 12 फीसदी माना गया है।

204 देशों में हुए सर्वे के आधार पर 'द लांसेट जर्नल' में प्रकाशित 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' नामक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 30 वर्षों में पूरी दुनिया में युवाओं में धूम्रपान की लत तेजी से बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में 2019 में धूम्रपान करने वालों की संख्या 110 करोड़ हो गई और इसी अवधि के दौरान भारत में 15 से 24 वर्ष आयु के युवाओं की संख्या दो करोड़ दर्ज की गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक पूरी दुनिया में धूम्रपान करने वालों में दो तिहाई लोग केवल 10 देशों से ही हैं, जिनमें चीन, भारत, इंडोनेशिया, अमेरिका, रूस, बांग्लादेश, जापान, तुर्की, वियतनाम, फिलीपींस शामिल हैं। सिगरेट पीने वालों में करीब 89 फीसदी 25 साल तक की उम्र के युवा हैं। 2019 में धूम्रपान के कारण दुनियाभर में 77 लाख लोगों की मौत हुई, जिनमें से 17 लाख मौतें इस्केमिक हार्ट डिजीज के कारण, 16 लाख सीपीओडी के कारण, 13 लाख ट्रैकियल, ब्रोंकस और फेफड़ों के कैंसर से तथा 10 लाख स्ट्रोक के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है।

एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक विश्वभर में करीब सवा अरब लोग धूम्रपान के आदी हैं, जो कुल मिलाकर प्रतिवर्ष साठ खरब से भी ज्यादा सिगरेटें पी जाते हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब 8 हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मरते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान की वजह से पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 हजार से अधिक नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं।

## पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### जिन्दगी की दौड़ में



जिन्दगी की दौड़ में, तजुर्बा कच्चा ही रह गया। हम सीख न पाये 'फरेब' और दिल बच्चा ही रह गया। बचपन में जहां चाहा हँस लेते थे, जहां चाहा रो लेते थे। पर अब मुस्कान को तमीज़ चाहिए और आंसुओ को तन्हाई। हम भी मुस्कराते थे कभी बेपरवाह अन्दाज़ से देखा है आज खुद को कुछ पुरानी तस्वीरों में। चलो मुस्कुराने की वजह ढुंढते हैं तुम हमें ढुंढो...हम तुम्हे ढुंढते हैं।

**- सुरेश तिवारी**

### चौथा पाया मानते



चौथा पाया मानते, वेतन भत्ते देख । लिखते कितना सत्य हैं,खोले सबके लेख ।। खोले सबके लेख,लगे फिर सब्जी मंडी । रहते भूखे पेट,बने घर वाली चंडी ।। ख़बरों से है प्यार, छपे तो सुन्दर लाया ।। लोक तंत्र संभाल,अरे ओ चौथा पाया।।

**- नवीन कुमार तिवारी**

खास पाती

### मुसीबत से जो डर जाये वो



मुसीबत से जो डर जाये वो रहबर हो नहीं सकता चमकने वाला हर पत्थर जवाहर हो नहीं सकता खुदा खुद को समझने लग गया है वो ज़मीं का पर हक़ीक़त में कभी क़तरा समन्दर हो नहीं सकता व्यवस्था वेन्टीलेटर पर हो जिसकी बादशाहत में वो बंदा कुछ भी हो सकता है पर्वर हो नहीं सकता मुझे अग़वा करा दो मार डालो या जला दो पर तुम्हारा झूठ मेरे सच से ऊपर हो नहीं सकता अँधेरे में रहा है इस लिये ग़फ़लत में है वर्ना कभी ये चाँद सूरज के बराबर हो नहीं सकता मुहब्बत पर यक़ीं जिसको नहीं वो शख़्स दुनिया का शहंशाह बन के भी लोगो का अकबर हो नहीं सकता ज़रूरत है हमें इक दूसरे को थामे रहने की कोई बीमार हो के खुद चरागर हो नहीं सकता।

**- राजीव कुमार**


### माना मुश्किल काम है,सच का देना साथ कभी झूठ के सामने,नहीं झुकाना माथ



माना मुश्किल काम है,सच का देना साथ। कभी झूठ के सामने,नहीं झुकाना माथ। नहीं झुकाना माथ ,झूठ से क्या घबराना। होती सच की जीत,सभी ने यह ही माना। साक्षी बीते काल की, होती हर तस्वीर। करके याद अतीत को,नहीं बहाना नीर। नहीं बहाना नीर,सुनो मोहन मीनाक्षी। करो हमेशा कर्म,मानकर प्रभु को साक्षी। कामी लंपट पुरुष वह,जो करता है प्यार। ऐसी निंदित सोच को,बार-बार धिक्कार। बार-बार धिक्कार ,उसे जो है प्रतिगामी। कभी प्रेम का पथिक,नहीं होता है कामी।

**- डॉ बिपिन पाण्डेय**

### चले जाएंगे तुमको शाद कर



चले जाएंगे तुमको शाद कर के हम अपना दर्द दिल आबाद कर के कोई ए 'काश' होता यूँ हमारा जो अश्क़ों को बहाता याद कर के जो तेरा हक़ है उसको छीन कर ले मिलेगा कुछ नहीं फ़रियाद कर के उन्हीं राहों पे हम भी चल रहे हैं गया ईजाद जो फ़रहाद कर के तुम्हारी बात न टालेंगे हम भी कभी देखो तो तुम इरशाद कर के मुहब्बत में तरक्क़ी तुमने पाई 'जफ़ाओं में अदा ईजाद' कर के सितमगर को कोई जा कर बता दे 'कमल' को क्या मिला बरबाद कर के।- **रूबी झा 'कमल'**

### दुःख लिखना है गंगा किनारे मिट्टी में



दुःख लिखना है गंगा किनारे मिट्टी में दबी लाशों की मौन कराह को लिखना राम नामा में लिपटे गंगा में प्रवाहित लाशों की अंतिम संस्कार कर उनके दर्द की लिखना अस्पताल से लावारिश लाशों को एक कन्धा लगा कर उनकी पीड़ा को लिखना जिंदगी सेबड़ा अब मृत्यु है बस यही लिखना।

**-प्रीति श्रीवास्तव**

### आओ.... आज तुम्हें आगोश में



आओ.... आज तुम्हें आगोश में ले लें मिलकर.. कुछ पल सप्यार के जी लें यहाँ... कल क्या हो किसने देखा है क्यों न सदिल की हसरत आज ही पूरी कर लें। **- अर्चना खण्डेलवाल**

### विरोधी पार्टी के नेता के पास काम




विरोधी पार्टी के नेता के पास काम रह ही क्या जाता है सत्ता पक्ष की आलोचना केअतिरिक्त7 और किसी भी पार्टी नें विरोध में रहकर किया ही क्या है आज तक। पप्पू यादव को जनसेवा के बदले क्या मिला किसलिए मिला किसे नहीं मालुम इसे कहते हैं यज्ञ करते हाथ जला बैठे।

**- घनश्याम गुप्ता**

## QUIZ TIME

1) विश्व का सर्वाधिक पुराना केन्द्रीय बैंक कौन-सा है?
2) भारत के पैरा एथलीट सिंहराज ने 2021 पैरा निशानेबाज विश्व कप में कौन-सा पदक जीता है?
3) भारत एवं जापान के मध्य संयुक्त रूप से एक चन्द्र मिशन सहयोग की समीक्षा की गई, इस मिशन का क्या नाम है?
4) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 मार्च, 2021 को 'विश्व जल दिवस' के अवसर पर किस अभियान की शुरूआत की?
5) सागर सरहदी का 21 मार्च, 2021 को निधन हो गया। वह थे एक-



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रिक्सबैंक, स्वीडन (2) स्वर्ण (3) ल्यूपेक्स (4) जल शक्ति अभियान (5) लेखक फिल्म निर्माता

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली ।** 1577 - मुगल सम्राट जहाँगीर की पत्नी नूरजहाँ मूल नाम 'मेहरुन्निसा' का जन्म। 1725 - भारत की वीरांगनाओं में से एक मराठा होल्कर महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म। 1727 - फ्रांस, ब्रिटेन और नीदरलैंड ने पेरिस संधि पर हस्ताक्षर किये। 1759 - अमेरिका के उत्तर पूर्वी प्रांत पेनसिल्वेनिया में थियेटर के सभी कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया गया। 1774 - भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया। 1843 - मराठी रंगमंच में क्रांति लाने वाले प्रसिद्ध नाटककार अण्णा साहेब किर्लोस्कर का जन्म। 1867 - मुम्बई (तत्कालीन बंबई) में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई। 1878 - जर्मनी के युद्धपोत एसएमएस ग्रोसर करफ़र्स्ट के डूबने से 284 लोगों की मौत। 1878 - अमेरिकी कांग्रेस ने डॉलर के सर्कुलेशन को घटाया। 1889 - अमेरिका के पेनसिल्वेनिया स्थित जॉन्सटाउन में भीषण बाढ़ से लगभग 2209 लोगों की मौत । 1900 - लार्ड राबर्ट्स के नेतृत्व में ब्रिटिश सैनिकों ने जोहानसबर्ग पर कब्जा किया। 1907 - अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में पहली बार टैक्सी सेवा शुरू की गयी। 1921 - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया। 1927 - फोर्ड मोटर ने टिन लिजी मॉडल की अंतिम गाड़ी बनाई और मॉडल ए की शुरुआत की। 1929 - पहली बार मिकी माउस का बोलता हुआ कार्टून कार्निवाल किड रिलीज किया गया। 1935 - पाकिस्तान के क्वेटा शहर में भीषण भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत हुई। 1957 - चर्चित अमेरिकी नाटककार ऑर्थर मिलर को अवमानना का दोषी पाया गया।

### व्यवस्था नहीं बनाई गई तो , सारे किसान अपने ट्रेक्टर स्छरूके बंगले में रख देंगे

# खरीदी केंद्रों में अनियमितताओं को लेकर किसानों ने DM के नाम SDM को सौंपा ज्ञापन



**पन्ना**

भारतीय किसान यूनियन पन्ना के जिला अध्यक्ष बसंत लाल पटेल व संभागीय अध्यक्ष सेवा लाल पटेल ने भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले बुधवार 26 मई को दोपहर लगभग 12 बजे तहसील परिसर गुनौर में एक लिखित ज्ञापन कलेक्टर के नाम पर एसडीएम सुरेश कुमार गुप्ता को सौंपा । जिसमें उल्लेख किया गया कि खरीदी केंद्र सुंगरहा में तुलाई के समय भारी अनियमिताए बरती जा रही है । जिले की गुनौर तहसील में कृषि साख सहकारी समिति सुगंरहा केन्द्र में पिछले कुछ दिनों से कालेज के अंदर खरीदी की जा रही है । जिसमें खरीदी बहुत धीमी गति से हो रही है । जिसके कारण किसानों को कई ह?तों तुलाई के लिए ट्रेक्टर ट्राली खड़ा रख कर इंतजार करना प? रहा है । जो किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन रही है। हालांकि विगत दिनों किसानों की मांग पर तहसीलदार ने केंद्र प्रभारी सुगंरहा से बात कर खुले में पन्नी तिरपाल बिछा कर खरीदी करने को कहा और जैसे खुले में खरीदी शुरू हुई उसी बीच को-ऑपरेटिव सोसायटी के महाप्रबंधक कमल जी द्वारा पहुंचकर खुले में खरीदी बंद करवा दी गई । जिस पर किसानों ने आपत्ति जताई । लेकिन महाप्रबंधक कमल जी ने अनसुना कर दिया। जिसके कारण कल मंगलवार 25 मई को दो तीन ट्राली गेहूं की खरीदी हो सकी, यहां पर मौजूद किसानों की लगभग साठ सत्तर ट्राली खड़ी रह गई। उन्होंने प्रमुख रूप से ज्ञापन में मांग की है कि खुले में खरीदी शुरू करवाने को कहा जाए ताकि यहां मौजूद सभी किसानों के गेहूं की खरीद आज ही हो सके। ट्रांसपोर्ट व परिवहन की व्यवस्था करवाई जाए ताकि खुले में खरीदा गया गेहूं लोड करवा कर सुनिश्चित स्थान पर पहुंचाया जा सके। साथ ही केन्द्र पर मौजूद सभी किसानों के गेहूं की खरीदी अगर आज नहीं की गई और अगर बारिश से गेहूं भीगता है । तो इसकी जिम्मेदारी महाप्रबंधक कमल जी की होगी । क्योंकि अगर कल वो खरीदी में व्यवधान उत्पन्न नहीं करते । तो कल ही सभी किसानों के गेहूं की खरीद हो गई होती।

खरीदी केंद्र में शीघ्र परिवहन न होने से यह समस्या उत्पन्न हो रही है किसानों ने कहा कि सुगंरहा खरीदी केन्द्र में अगर खुले में खरीदी संभव न हो तो आसपास के केन्द्रों या गुनौर मंडी में मौजूद किसानों के पंजीयन ट्रांसफर करवा कर आज ही खरीदी की कार्यवाही की जाए। किसानों की समस्या को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन पन्ना ने शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए बताया कि कलेक्टर पन्ना को एसडीएम द्वारा ज्ञापन प्रेषित करेगी । और अगर जल्द से जल्द किसानों के गेहूं की खरीद न करवाई गई तो सभी किसान अपने ट्रेक्टर ट्राली गुनौर एसडीएम कोर्ट में खड़ा कर विरोध प्रर्दशन करेंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी ।

देश में तीन कृषि कानूनो का विरोध लगतार जारी है । किसानों के आंदोलन को आज पूरे 6 माह हो गए । जिसका विरोध गुनौर में भी देखने को मिल रहा है । दिल्ली वार्डर पर बैठे हुए किसान संगठनों का भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ने आंदोलन का समर्थन करते हुए तीनों कृषि बिलो के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को पत्र सौंपकर रदद् करने की मांग की ।

### निवारण एवं वातावरण परिशोधन की मंगलकामना के साथ यज्ञीय कार्यक्रम संपन्न

# गायत्री परिवार ने गुनौर में 90 घरों में कराये गायत्री यज्ञ



**पन्ना**

अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा 26 मई 2021 बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को चलाए गए गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ के विश्व स्तरीय अभियान में लगभग 100 से अधिक देशों में गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा गायत्री यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हुए। इसी क्रम में गायत्री परिवार शाखा गुनौर द्वारा भी गुनौर में लगभग 90 घरों में गायत्री यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हुए। यह सभी कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से बड़ा करने की बजाय नैनो पध्दति (संक्षिप्त) से अपने अलग-अलग घरों में संपन्न हुए। कार्यक्रम को संपन्न कराने में गायत्री परिवार शाखा गुनौर से पुष्पेंद्र सोनी ओम प्रकाश गुप्ता पवन शर्मा रोहित सोनी सीताराम सोनी नंदनी द्विवेदी माया सोनी आदि परिजनों का प्रमुख योगदान रहा। यज्ञ के एक दिन पूर्व गायत्री परिवार गुनौर के द्वारा गुनौर के लगभग 75 घरों में निशुल्क हवन सामग्री वितरित की गई। गायत्री परिवार के द्वारा चलाए गए इस विराट अभियान का उद्देश्य वर्तमान की वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के निवारण हेतु किया गया। साथ ही सतप्रवृत्ति संवर्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन, वातावरण परिशोधन, सबके उज्जवल भविष्य एवं विश्व कल्याण की मंगलमयी प्रार्थनायुक्त इस संपूर्ण कार्यक्रम को किया गया। हवन में आयुर्वेदिक औषधियों से युक्त हवन सामग्री का प्रयोग किया गया। जो कि शुद्ध, सात्विक पुण्यवर्धक होने के साथ-साथ वैज्ञानिक भी है। जिससे सूक्ष्म हानिकारक जीवाणु विषाणु कीटाणु नष्ट होते हैं घर का वातावरण स्वच्छ होता है। यज्ञ में गायत्री महामंत्र के अतिरिक्त महामृत्युंजय मंत्र और अन्य वैदिक मंत्रों की भी आहुतियां दी गई। जैसे आपदा निवारक, रोग निवारण, वातावरण शुद्धि, एवं सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने हेतु विशेष उद्देश्य के लिए विशेष मंत्रों से आहुतियां दी गई ।



### वैश्विक आपदा के दौरान उद्योग विहीन जिले के श्रमिकों का सहारा बने जंगल

# तेंदूपत्ता बना रोजगार का साधन, वनवासियों ने मजदूरों के लिए राहत की सांस

**पन्ना**

जिले की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में बसी है अधिकतर ग्राम जंगलों से लगे हुए हैं जहां प्रत्येक वर्ष ग्रीष्म ऋतु में तेंदूपत्ता संग्रह का कार्य प्रारंभ होता है जो इस वर्ष भी शुरू हो चुका है कोरोना संकटकाल में जहां हजारों मजदूरों का रोजगार छिन गया है वहीं वनोपज से आज भी लोगों को भरपूर रोजगार एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्राप्त हो रही है, जैसा कि वर्तमान में तेंदूपत्ता के रूप में देखा जा रहा है पन्ना जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत आने वाले धरमपुर रेंज के ग्राम कुड़रा के तेंदूपत्ता की सबसे बेस्ट क्वालिटी बताई जा रही है यहां की फड़मुंशी सविता लोध ने बताया कि हमारा गांव जंगल से लगा हुआ है जिसके चलते यहां रोजगार के रूप में कृषि के अलावा वनोपज ही सहारा है वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति कम से कम 2 सैकड़ा तेंदूपत्ता की गड्डियां फड़ में पहुंचा रहा है जिसका उन्हें ढाई 250 रुपये प्रति सैकड़ा के हिसाब से भुगतान ऑनलाइन होता है इस हिसाब से प्रत्येक व्यक्ति लगभग 500 रुपये का तेंदूपत्ता प्रतिदिन संग्रह कर रहा है वर्तमान में यहां 22 मई से तेंदूपत्ता संग्रह का कार्य प्रारंभ होना बताया गया है जो लगभग 1 सप्ताह तक चलने की उम्मीद है इसके अलावा तेंदूपत्ता संग्राहक को 250 रुपये प्रति सैकड़ा के हिसाब से बोनस एवं अन्य कई योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी भी दी गई है, वर्तमान में तेंदूपत्ता संग्रह का कार्य तेजी से चल रहा है वन विभाग के अधिकारियों एवं तेंदूपत्ता ठेकेदार द्वारा तेंदूपत्ता फड़ का निरीक्षण कर संतुष्टि जताते हुए प्रशंसा की गई है इसके अलावा रामपुर, पैकनपुर, पंचमपुर, सिद्धपुर, हीरापुर आदि क्षेत्रों में भी तेंदूपत्ता संग्रह का कार्य तेजी से चलने की जानकारी मिली है, स्थानीय संग्रहक सुबह से तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल पहुंच जाते हैं और दोपहर तक वापस घर आकर गड्डियां बनाना प्रारंभ करते हैं प्रत्येक गड्डी में 50 पत्ते शामिल किए जाते हैं यह गड्डी 250 रुपये प्रति सैकड़ा दर के हिसाब से रजिस्टर में दर्ज होती है, जिसका भुगतान कुछ समय बाद संग्रहक के खाते में होता है, इसके अलावा जिले के अन्य क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रह का कार्य चल रहा है जिसमें जंगल से लगे ग्रामों के निवासी एवं अधिकतर आदिवासी तेंदूपत्ता संग्रह के कार्य में लगे हैं, विदित हो कि पन्ना जिला मध्य प्रदेश का सबसे पिछड़ा एवं सबसे कम उद्योग वाला जिला माना जाता है, रोजगार के अभाव में लाखों की संख्या में श्रमिक महानगरों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं जो कोरोना संकट के दौरान परेशानी में पन्ना टाइगर रिजर्व एवं वन और राजस्व सीमा विवाद के कारण जिले की अधिकांश हीरा एवं पत्थर खदानें बंद चल रही हैं ऐसे में आदिवासी वनवासी एवं ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों का कृषि के अलावा केवल वनोपज ही रोजगार एवं जीवन यापन का सहारा बचा है जहां से तेंदूपत्ता के अलावा महुआ, अचार, आंवला, शहद, लकड़ी, एवं अनेकों औषधीयां, गोंद जैसी अनेकों वस्तुएं शामिल हैं जो वनवासियों ग्रामीणों को रोजगार के साथ-साथ निजी उपयोग में सहायक बनी हुई हैं, लेकिन वर्तमान में कुछ लालची लोगों द्वारा सागौन एवं अन्य इमारती लकड़ी के लालच में जंगल के हरे भरे वृक्ष काटे जा रहे हैं एवं भू माफियाओं द्वारा जंगल को उजाड़ कर जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है जिसके चलते जंगलों का अस्तित्व खतरे में बताया जा रहा है जो पर्यावरण के लिए शुभ संकेत नहीं है,

## डिण्डोरी



# मनरेगा श्रमिकों को मास्क वितरण एवं वैक्सीनेशन हेतु जागरूक करना



**डिण्डोरी**

जिले से लगी हुई ग्राम पंचायत मुड़यि कला में आज दिनांक 26 मई 2021 को भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत जी के आह्वान पर एवं शाहपुर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट सुशील राय के नेतृत्व में भाजपा मंडल शाहपुर के सदस्य राजेश ठाकुर एवं जियालाल झारिया के द्वारा पंचायत प्रधान प्रेम सिंह वालरे सचिव अजमेर सिंह धुर्वे रोजगार सहायक इन्द्र सिंग बालरे की उपस्थिति में ÷सेवा ही संगठन÷ योजना के तहत मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य के श्रमिकों को मास्क वितरण किया गया, एवं हाथों में सैनिटाइजर किया गया, एवं लोगों के बीच में जाकर वैक्सीन लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, तथा लोगों को यह जानकारी दी गई कि वैक्सीन अवश्य लगाएं और अपने एवं अपने परिवार की सुरक्षा करें, 2 गज के नियम का पालन अवश्य करें!

### सहानुभूति पूर्वक शासन-प्रशासन ले उचित निर्णय,मांग को लेकर बसपा जिला अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

# जिले के खरमेर नदी में बन रहे करोड़ों रुपए के बांध निर्माण का मामला



**डिंडोरी**

जिले के जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत डूंगरिया गांव के पास खरमेर नदी में बन रहे करोड़ो रुपए के बांध निर्माण का कार्य वर्षो से लटका पड़ा हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा चिन्हित स्थान में शासन प्रशासन को बांध का निर्माण कार्य नहीं कराने दिया जा रहा, निर्माण कार्य के विरोध में स्थानीय ग्रामीण लामबंद है और जब-जब शासन प्रशासन के कर्मी निर्माण कार्य करने स्थल पहुंचते हैं, तब तब निर्माण स्थल पर ग्रामीण प्रदर्शन करने लगते हैं और किसी भी हाल में जमीन ना देने की बात कहकर निर्माण स्थल पर डट जाते हैं।अब मामले को लेकर बसपा जिला अध्यक्ष ने शासन प्रशासन को ज्ञापन देकर स्थानीय ग्रामीणों से सहानुभूति पूर्वक उचित निर्णय लेने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि चिन्हित स्थान में बांध का निर्माण कार्य हो जाने से सैकड़ों परिवारों को विस्थापित होना पड़ेगा,जिससे परिवारों में रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। बताया गया कि चिन्हित स्थान में बांध का निर्माण कार्य हो जाने से सैकड़ों गांवों में पेयजल की पूर्ति की जा सकेगी, साथ ही लाखों हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा का लाभ भी किसानों को मिलेगा, बांध बन जाने से आसपास के कई एकड़ ज़मीन एक बार फिर से हरा भरा हो जाएंगी।गौरतलब है कि बांध निर्माण के नाम पर आसपास गांवों के अधिकांश लोगों ने शासन प्रशासन से भारी भरकम मुआवजा भी ले रखा है,बावजूद जमीन ना देने की बात कहकर कुछ स्थानीय ग्रामीण कार्य स्थल पर डटे हुए हैं। जिससे आने वाले समय में भी करोड़ों रुपए का बांध निर्माण का कार्य शुरू होना संभव होता नहीं दिख

## पुरानी डिंडोरी के हनुमान टेकरी में किया गया पौधारोपण बांधे गए सकोरे

**डिंडोरी**

मुख्यालय में महिला मंडल डिण्डौरी द्वारा हनुमान टेकरी पुरानी डिण्डौरी में छायादार फलदार पौधा रोपित किया गया, जहां आम, अमरूद, जामुन, मीठी नीम,करंज,कदम सहित अन्य के पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण करने के बाद आसपास के पेड़ों पर पक्षियों के पानी पीने के लिए सकोरे बांधे गए, ताकि इस भीषण गर्मी में कोई भी बेजुबान पंछी प्यासा ना रह जाए। किए गए पौधा रोपण को संरक्षित कर जीवित रखने का संकल्प भी सदस्यों द्वारा लिया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी अहिरवार ने बालक प्रतीक को जन्म दिन के अवसर पर पौधे दान किए, साथ ही मेहमानों को पौधें व सकोरे वितरित किए गए। कार्यक्रम में तरूमित्र महिला मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मी अहिरवार, आधार शक्ति महिला मंडल अध्यक्ष जयश्री शर्मा, राधे श्याम इटोरिया, तरुमित्र के सक्रिय कार्यकर्ता प्रीति इटोरिया,चन्द्र वती यादव, रचित राज शर्मा, रोहित अहिरवार सहित अन्य संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

## डिंडौरी जिले में 29 मई तक बंद रहेगी गेहूं की खरीदी, मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी के बाद कलेक्टर ने दिए निर्देश

**डिण्डोरी**

मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी के बाद डिंडौरी कलेक्टर रत्नाकर झा ने जिले के 25 गेहूं उपार्जन केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा बुधवार को जारी नोटिफिकेशन को डिंडौरी कलेक्टर और जनसंपर्क पीआरओ ने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किया है। सूचना के अनुसार डिंडौरी, मंडला, उमरिया, अनूपपुर, जबलपुर, शहडोल और कटनी सहित प्रदेश के 15 जिलों में 29 मई तक आंधी, तूफान के साथ भारी बारिश होने के आसार हैं। लिहाजा, विभाग के संचालक ढ्ढस् तरुण कुमार पिथो? ने इन जिलों में तत्काल प्रभाव से गेहूं खरीदी प्रक्रिया रोकने के लिए कलेक्टर्स को पत्र भेजा है। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में केंद्रित चक्रवाती तूफान %यास% के संबंध में चेतावनी दी है। प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र, विशेषकर जबलपुर, शहडोल और रीवा संभाग के जिलों में 26 मई शाम से 29 मई तक आंधी, तूफान के साथ तेज वर्षा की संभावना है। रबी विपणन वर्ष 2021-22 में असामयिक वर्षा से गेहूं के स्कंध के बचाव के लिए उपार्जन केंद्रों में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जबलपुर, शहडोल और रीवा संभाग के जिलों में 27 और 28 मई को खरीदी बंद रहेगी। इसकी जानकारी किसानों को स्स्ञ्ज के जरिए दे दी जाएगी।

# नाराज रावघाट संघर्ष समिति के सदस्यों ने रोका रेलवे लाइन विस्तार कार्य

## प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा विस्तार के लिए सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल की व्यवस्था की जाए

नवप्रदेश संवाददाता





**अन्तागढ़।** मूलभूत सुविधाये नही मिलने से नाराज रावघाट संघर्ष समिति के सदस्यों ने रोका रेलवे लाइन विस्तार कार्य , मामला बिगड़ता देख रावघाट महाप्रबंधक पहुचे रावघाट क्षेत्रवासियों को मनाने रावघाट क्षेत्र में मूलभूत सुविधाये नही मिलने से नाराज रावघाट संघर्ष समिति के क्षेत्रवासियों द्वारा रेलवे लाइन विस्तार कार्य पर रोक लगा दी गई थी जिससे पेड़ो की अंधाधुन कटाई बन्द करना पड़ा जिससे रेलवे लाइन विस्तार कार्य प्रभावित हो गई है।

रेलवे लाइन विस्तार कार्य प्रगति नही होने से मामला बिगड़ता देख रावघाट महाप्रबंधक रावघाट क्षेत्र पहुंच कर रावघाट क्षेत्रवासियों को मनाने लगे जिससे कई मागो पर सहमति बनी , तथा स्थल का चयन किया गया है , रावघाट क्षेत्रवासियों का प्रमुख मांग स्वास्थ्य , शिक्षा , पेयजल संकट है , ग्रामीण विकास से अब तक अछूते है। इससे पहले भी जनवरी 2012 में निर्माण कार्य के नाम पर पेड़ों की कटाई और बीएसएफ कैम्प के विरोध में अन्तागढ़ ब्लॉक के सैकड़ों गांव के ग्रामीणों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया था ग्रामीणों की मांग थी कि देवी, देवता स्थलों को बदला न जाए और उन्हें सुरक्षित रखा जाए. - नदी, नालों को दूषित न किया जाए. पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों की कटाई से पहले उनके बदले फिर से वृक्ष लगाने की पहल की जाए।

### शिक्षा के लिए प्रभावित गांवों में विद्यालय का निर्माण हो

आईटीआई जैसे संस्थानों में इस क्षेत्र के लोगों की भर्ती सुनिश्चित की जाए, माइनिंग क्षेत्र से बाईपास रोड और अंतागढ़ से नारायणपुर तक मेन रोड का चौड़ीकरण किया जाए. रेलवे लाइन के कारण प्रभावित किसानों को जमीन का मुआवजा और नौकरी तत्काल मिले।

माइनिंग क्षेत्र में ही टाउनशिप खोली जाए.माइनिंग क्षेत्र में काम के दौरान दुर्घटना होने पर स्थानीय मजदूरों को इलाज और मुआवजे का प्रावधान किया जाए. इस प्रदर्शन में क्षेत्र के हजारों ग्रामीण शामिल हुए। परगना कोलर से एक बजे अन्तागढ़ के मद्रासी पारा से रैली निकाली गई। रैली मुख्य मार्ग से होते हुए स्क्षरू कार्यालय पहुंची। क्षेत्र के ग्रामीणों ने स्क्षरूकार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की।

रावघाट परियोजना के तहत प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने भिलाई स्टील प्लांट के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में अब तक किसी भी ग्रामीण को परियोजना का लाभ नहीं मिल रहा है। बीएसपी पहले भी क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर महीने शिविर का आयोजन करती थी, लेकिन आज ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### सरकंडा में जलापूर्ति ठप नहीं मिला 2 दिन से पानी लोग हुए परेशान

**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र के वार्ड नंबर 63 नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बसंती विहार कॉलोनी के जोरापारा में विगत 2 दिनों से पीने का पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण वहां के रहने वाले लोग अच्छे खासे परेशान हुए जोरापारा में लगा हुआ पानी का बोर जो उस कॉलोनी एवं आसपास क्षेत्र में जलापूर्ति किया जाता है वह भी खराब एवं बंद पड़ा हुआ है वही अशोकनगर मैं स्थित पानी टंकी जिसमें से जलापूर्ति की सप्लाई की जाती है जोकि जोरापारा बसंत विहार कॉलोनी एवं जोरा तालाब से लगे मोहल्ले में पीने के पानी की सप्लाई की जाती है किंतु विडंबना है कि जिस पानी टंकी से पानी की सप्लाई की जाती है वहां का वॉल खराब हो गया है जिसके कारण जलापूर्ति नहीं हो पा रही थी वही इस भीषण गर्मी में पीने के पानी की सप्लाई ना होना काफी परेशानी का कारण है इस बारे में मोहल्ले वासियों ने वार्ड पार्षद पर ध्यान ना देने का आरोप लगाया निष्क्रियता का भी आरोप लगाया जिस पानी टंकी से जलापूर्ति की जाती है वहां पर नगर निगम के जल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उस पानी टंकी के वाल को ठीक करने में लगे हुए हैं ताकि जलापूर्ति सही ढंग से संचालित की जा सके एवं मोहल्ले वासियों को पीने का पानी मिल सके।

### दर्जन भर गाँव वर्षो से पानी की समस्याओं से जूझ रहे



**अंतागढ़।** जल ही जीवन है और इसी जल की तंगी से कोयलीबेड़ा क्षेत्र के दर्जन भर गाँव वर्षो से पानी की समस्याओ से जूझ रहे थे, विधायक अनूप नाग के कोयलीबेड़ा प्रवास के दौरान ग्रामवासियों एवँ दिलीप बघेल जिला पंचायत सदस्य और लखेश्वर ध्रुव जनपद सदस्य पानीडोबीर ने विधायक नाग के समक्ष पानी की समस्याओं को लेकर हैंडपंप की मांग रखी जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए विधायक अनूप नाग ने ग्रामीणों के सामने ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को फोन लगाकर जल्द ग्रामीणों की पानी की समस्याओं के लिये हैंडपंप खनन करने के निर्देश दिए विभाग ने भी ततपरता दिखाई और 2 दिन में ही बोर गाड़ी भेजकर कोयलीबेड़ा क्षेत्र में जहाँ जहाँ पानी की समस्या थी ऐसे ग्रामीण क्षेत्र में हेंड पम्प के लिये बोर खनन किया। दो दिवस के अंदर ही पेयजल उपलब्ध करने पर ग्रामीणों ने तथा दिलीप बघेल जिला पंचायत सदस्य और लखेश्वर ध्रुव जनपद सदस्य पानीडोबीर ने विधायक अनूप नाग का आभार व्यक्त किये।

### बीजेपी के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश, बैठक का ग्रामीणों ने किया बहिष्कार



**अंतागढ़।** रावघाट माइनिंग क्षेत्र में बीजेपी द्वारा कराए जा रहे कार्यों को बंद करने के बाद आपसी समझौता के लिए बीजेपी ने रावघाट प्रभावित क्षेत्र के 22 गोद ग्राम के ग्रामीणों का बैठक आज रेस्ट हाउस अन्तागढ़ में रखी गई थी, जिसमे मूलभूत सुविधा नही मिलने तथा बीजेपी अपनी टेंडर को लीज पे अन्य निजी कंपनी को देने के खिलाफ़में ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण बैठक का बहिष्कार किया, तथा विरोध स्वरूप बीजेपी के अधिकारियों को फटकार लगाई, बैठक पूरी तरह विफल रहा, बीच बैठक में ग्रामीण सभा से उठ कर चले गए. इस बैठक में कांकेर अतिरिक्त कलेक्टर के नही आने से ग्रामीण नाराज हुए ,रावघाट माइंस के लिए पेड़ कटाई को ग्रामीणों ने रोक लगाई है तथा जब तक मांग पूरा नही होगा तब तक किसी प्रकार की कोई समझौता वाली अब बैठक नही होगा रावघाट परियोजना के 22 प्रभावित गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीने का पानी, सिंचाई के साधन, बिजली, सड़क के अलावा शिक्षित युवाओं को स्कील डेवलेपमेंट के लिए इको डेवलेपमेंट के माध्यम से वन विभाग विकास के कार्य कराएगा. इसके लिए बीएसपी से वन विभाग को 36 करोड़ रुपए मिले हैं. आज के इस बैठक में अन्तागढ़ विधायक अनूप नाग के साथ रावघाट प्राभवित क्षेत्र के 22 गोद ग्राम के ग्रामीण तथा बीजेपी के अधिकारी अन्तागढ़ एसडीएम, तहसीलदार अन्तागढ़ फॉरेस्ट विभाग के एसडीओ, के साथ रावघाट संघर्ष समिति के सदस्य शामिल हुए।

### पुलिस ने युवती को नौकरी देने का दिया आश्वासन इस पहल पर सामाजिक संस्था ने किया सम्मान



**बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर सिटी कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए बांध में छलांग लगाने वाली एक युवती की सूचना पर जान बचा ली व युवती को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत अभी खतरे से बाहर है. थाना प्रभारी ने युवती को स्वस्थ होने के बाद बैकुंठपुर थाने में काम कर वेतन देने का आश्वासन दिया है. पुलिस की इस पहल पर चिन्हारी सामाजिक संस्था ने पुष्पगुच्छ देकर उनको सम्मानित किया है। हाल ही में बैकुंठपुर सिटी कोतवाली ने आत्महत्या के लिए डेम में छलांग लगाई युवती की हॉस्पिटल पहुचा कर जान बचाई थी जहा जानकारी अनुसार मुख्यालय के पर्यटक स्थल झुमका बांध में युवती ने आत्महत्या की कोशिश में छलांग लगा थी व लहरों की वजह से युवती का हाथ बांध की दीवार पर फंस गया था. इस वजह से युवती पानी की गहराई में नहीं जा सकी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को बाहर निकाला. जिला अस्पताल में तुरंत उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया. 24 घंटे के बाद युवती की हालत में सुधार आया. पुलिस को दिए बयान में युवती ने बताया कि पारिवारिक और निजी कारणों से उसने आत्महत्या करने की कोशिश की थी।

## नपाध्यक्ष के के अग्रवाल ने कलेक्टर से लॉकडाउन को हटाने किया आग्रह

**जिला स्तरीय कोरोना कंट्रोल रुम हेल्पलाईन नंबर**

**9329348574, 9329354490, 9111033446, 9302728125**



**सूरजपुर/नवप्रदेश।** आज कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राहुल देव, संयुक्त कलेक्टर श्री शिव कुमार बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर श्री बजरंग सिंह वर्मा की उपस्थिति में नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों के साथ विडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद स्थापित किया।

कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कोरोना को हराने में फील्ड में आप सभी से प्रभावी व्यक्ति कोई नहीं हो सकता अतः आप अपने-अपने वार्ड या क्षेत्र की जिम्मेदारी लिजिए और वार्डवार कोरोना नियंत्रण में योगदान दें। कोरोना केस में कमी लाने के लिए कलेक्टर ने चार बातो का ध्यान रखने के लिए कहा जिसमें पहला लॉकडाउन का कड़ाई से पालन हो तथा जो दुकानें खुल रही हैं वहां सोशल डिसटेंसिंग बना रहे; दूसरा होम आइसोलेशन का पूर्णतः पालन सुनिश्चित हो, तीसरा जिनको कोरोना का लक्षण है उनकी जांच हो तथा मितानिन या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से उनको दवाई की किट प्रदान की जायें; और चैथा अधिक से अधिक वैक्सीनेशन हो। इन सभी चारों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराने के लिए आप सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग अत्यावश्यक है तभी हम संक्रमण की चैन को तोड़ पायेंगे।

कलेक्टर ने प्रत्येक जनप्रतिनिधों को प्रतिदिन 50 लोगों को जागरुक करने का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने कहा है। जिससे धीरे-धीरे पूरे वार्ड एवं नगरीय निकाय में जागरुता कार्यक्रम पूर्ण होगा। लोगों को कैसे समझाना है यह जनप्रतिनिधियों से बेहतर कोई नहीं जानता।

सूरजपुर नगर पालिका अध्यक्ष के के अग्रवाल ने कलेक्टर से लॉकडाउन को हटाने का निवेदन किया। जबकि बीजू जी ने कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए लॉकडाउन नहीं हटाने को निवेदन किया। वहीं रितेश गुप्ता जी ने कहा कि शादी समारोह पर रोक लगाया जाना चाहिये, तो अश्वनी जी ने शादी पर रोक ना लगाने का निवेदन किया। विरेन्द्र बंसल जी ने कहा कि वार्डवार कोरोना केस की सूचि जारी होने चाहिए जिस पर कलेक्ट महोदय ने कहा कि पहले से ही इस संबंध मे निर्देश दिया जा चुका है एवं कल से ही उक्त सूची जारी करना प्रारंभ हो जायेगा। अफरोज खान ने कहा कि एसईसीएल के तीनो शिफ्ट में सेनेटाईजर, मास्क आदि की व्यवस्था निरंतर होना चाहिए जिस पर कलेक्टर महोदय ने जीएम को निर्देशित करने को कहा।

बिश्रामपुर पार्षद दिप्ती स्वाईन जी ने कहा कि जिला पंचायत में स्थापित कोरोना कंट्रोल रुम ने संजीवनी की तरह कार्य किया। उन्होनें बताया कि उनके वार्ड में एक मरीज की ऑक्सीजन लेबल 80 से कम जा चुका था जिसकी जानकारी उन्होनें जिला कोरोना कंट्रोल रुम को दी। तत्पश्चात तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से उनको कोविड केयर सेंटर ले जाकर तुरन्त इलाज किया गया और आज उनकी स्थिति में सुधार है और ऑक्सीजन लेबल भी 97 पहुंच चुका है। स्वाईन जी ने कलेक्टर महोदय एवं जिला प्रशासन को कंट्रोल रुम की स्थापना के लिए एवं अन्य सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

कलेक्टर महोदय ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगण कोरोना सें संबंधित किसी भी प्रकार की

## सीएमओ के सुने मकान से 18 लाख नगद चोरी



**मामले को गंभीरता से लेते हुए एडिशनल एसपी उमेश कश्यप और सीएसपी स्नेहिल साहू मौके पर पहुँचे**

**बिलासपुर।** सकरी स्थित रामा लाइफ सिटी में महिला सीएमओ शीतल चंद्रवंशी के सुने मकान में चोरों ने धावा बोला और 18 लाखों रुपए नकदी समेट कर गायब हो गये और अलमारी में रखा सोने की किसी भी चीज़ को हाथ नही लगाया जिसकी सूचना सीएमओ ने सकरी थाने में दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी सहित थाना स्टाफ जांच में जुटी गई है,मामला सकरी थाना क्षेत्र के रिहायशी कालोनी रामा लाइफ सिटी का है। बताया जा रहा हैं कि शीतल चंद्रवंशी तख़्तपुर नगर पालिका में सीएमओ है,वे मूलतः कवर्धा की रहने वाली है उनके पति दुर्ग में कार्यरत है,वर्तमान में वे रामा लाइफ सिटी में निवासरत है विगत 11 मई को वो कवर्धा गई थी जहाँ कोरोना के लक्षण नजर आने पर उन्होंने कोविड टेस्ट कराया,जिसमें पॉजिटिव आने पर 14 मई को वो वही से क्वारेंटाईन थी।

जिसके बाद रिपोर्ट निगेटिव आने पर आज शनिवार को शाम 5 बजे वो अपने भाई के साथ सकरी स्थित घर पहुँची और बाहर का दरवाजा खोलकर जब अंदर पहुँची तो अंदर का ताला टूटा हुआ था साथ ही अंदर रखा सामान अस्त-व्यस्त था चोरी का आभास होने पर इसकी सूचना सकरी थाने को दी गई,सूचना पर सकरी थाना प्रभारी सागर पाठक दल-बल के साथ घटनास्थल पहुच कर मामले की पतासाजी में जुटे हुए हैं।

## किसान अपना जरूरी कृषि काम बिना निपटाये घर को वापस लौट जाते है



**अंतागढ।** विकास खंड अंतागढ अंतर्गत आने वाले किसान कृषि कार्य के लिए अब खाद बीज और लोन की राशि के लिए अंतागढ लेंपस पहुँच रहे है लेकिन कोरोना चैकप को लेंपस परिसर में होता देख वो अपना जरूरी काम बीना पूरा किऐ डर भाव से अपने घर को लौट जाते है जिससे कृषि कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। बता दे की अंतागढ क्षेत्र मे लगातार कोरोना संक्रमण के नये मामलो मे गीरावट आई है और अब अंतागढ संक्रमण के मामले मे की जा रही जांच मे रिपोर्ट भी शून्य हो गयी है, बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से पिछले दो दिन मे अंतागढ लेंपस परिसर के अंदर स्थित जिला सहकारी बैक तक कृषि कार्य लेकर दुर्गम क्षेत्रों से पहुँच रहे किसानों का कोरोना चैकप किया जा रहा है जहां चैकप को होता देख डर की वजह से किसान बीना अपना जरूरी कृषि काम नीपटाऐ घर को वापस लौट जाते है गुरूवार को यहा 120 किसानो का कोरोना चैकप किया गया जिसकी रिपोर्ट निगेटिव रही वही आज भी जांच रिपोर्ट मे लिऐ गये सेपल पर रिपोर्ट निगेटीव रही किसानों मे इस तरह से चैकप किऐ जाने को लेकर नाराजगी जाहीर की जा रही किसानो का कहना है की लेपस मे किसानों की लगातार भीड बढ रही है ऐसे मे भीड के बीच कोरोना की जांच करना संक्रमण को और न्योता दे रहा है किसान समय पर अपने काम नीपटाय या कोरोना की जांच कराए प्रशासन से इस रवैये से किसान परेशान है वही अधिकांश किसानों का ये आरोप है की हमने समय पर टीकाकरण करवा लिया है फीर भी कोरोना चैकप को लेकर क्यु परेशान किया जा रहा है इधर कोरोना जांच के डर मे किसान लैपस के दरवाजे से ही घर को लौटने विवश है अब कृषि कार्य पूरी तरह से प्रभावित होगा मालूम हो को लाकडाऊन की अवधी मे भी इस कृषक प्रधान बैंक को नियमों की ताक पर रखकर बंद रखा गया जबकी इस लाकडाऊन मे इस बैक के माध्यम से किसान संबंधीत कार्य शोशल डिसटेंस मेनटेन कर के चालू रखा जाना था अब लैपस मे हो रही भीड से शोशल डिसटेंस की धजजीयां भी जमकर उड़ रही है इधर समय पर किसानों का काम भी पूरा नहि हो पा रहा है मौसम विभाग ने मानसून को लेकर 10 जून का समय दिया है।

ऐसे मे बरसात के वक्त नदि नालो

## जीवनदीप समिति में जमा करने सहमति पत्र कलेक्टर को सौंपा



**सूरजपुर।** रोजगार सहायक संघ जिलाध्यक्ष लक्ष्मण मरावी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव से मुलाकात कर 3 लाख 14 हजार रुपए की राशि जीवनदीप समिति जिला सूरजपुर के खाता में जमा करने कलेक्टर को पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण मरावी ने बताया कि सूरजपुर जिले के ग्राम रोजगार सहायकों का वेतन से राशि 1000 रूपये प्रति ग्राम रोजगार सहायक काटकर कोविड-19 महामारी नियंत्रण में दिये जाने की सहमति बनी है। जिसके अंतर्गत सूरजपुर जिले में सर्व जनपद पंचायतों से ग्राम रोजगार सहायकों के वेतन से कोविड-19 महामारी नियंत्रण हेतु राशि 1000 रूपये प्रति ग्राम रोजगार सहायक द्वारा दिये जाने हेतु जनपद पंचायत सूरजपुर, भैयाथान, ओड़गी, रामानुजनगर, प्रेमनगर एवं प्रतापपुर के ग्राम रोजगार सहायक संघ के ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा सहमति प्रदान की गई है।उन्होंने बताया कि ग्राम रोजगार सहायकों के वेतन से राशि 1000 रूपये (प्रति ग्राम रोजगार सहायक के मान से) कटौती कर कोविड-19 महामारी नियंत्रण हेतु जीवन दीप समिति जिला सूरजपुर को प्रदाय करने एवं उसकी पावती जिला संगठन को उपलब्ध कराने कहां है।

## विडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से ली समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** आज कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राहुल देव, संयुक्त कलेक्टर श्री शिव कुमार बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर श्री बजरंग सिंह वर्मा एवं श्री सिसोदिया डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग की उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की विडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने डीपीओ को निर्देश दिया कि प्रतिदिन सुपरवाइजर एरिया अनुसार कोरोना केसेस की समीक्षा करें। कौन से सुपरवाईजर एरिया में कितना कोरोना केस है तथा जिस सुपरवाईजर एरिया में केसेस ज्यादा है वहां नियंत्रण के लिए निर्देशानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर ने सुपरवाईजर को भी निर्देश दिया कि वे भी अपने स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन कोरोना केसेस की समीक्षा करें तथा उसी तारतम्य में होम आइसोलेशन का पालन कराएं।

**कोविड-19** | महामारी के प्रति सचेत रहने तथा लगातार सावधानी बरतने हेतु जागरुक किया जा रहा

# रोको अउ टोको वॉरियर्स बने एनएसएस के स्वयंसेवक






**बिलासपुर/नवप्रदेश।** यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं मीडिया कलेक्टिव फ़ॉर चाइल्ड राइट्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में बिलासपुर जिला प्रशासन के सहयोग से 18 मई से कोरोना महामारी से सुरक्षित रहने हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए नियमों का पालन ज़ारी रखने हेतु 'रोको अउ टोको' अभियान शुरु किया गया है। जिसके अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड व मोहल्लें में जाकर लोगों को कोरोना महामारी के प्रति सचेत रहने तथा सावधानी लगातार बरतने हेतु जागरुक किया जा रहा है। उनके साथ इस अवसर पर समाज में रोको टोको अभियान को जन जागरूकता का स्वरूप देकर इस अभियान में जुटकर इसे सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना , डी.पी.विप्र महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक /सेविकाएं आकाश सोनी, रीना यादव, हेमलता महिलांग,मोइन खान, छाया निषाद, तंजीम बेगम, मनीष सिंह, राहुल भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिसमे इनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व बस्तियों मे जाकर प्रतिदिन कोरोना के नियम व वैक्सीन लगाने को लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। ज्ञात हो किराष्ट्रीय सेवा योजना, डी. पी.विप्र महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.रीना ताम्रकार, प्रो.यूपेश कुमार के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों/सेविकाओं द्वारा कोरोना महामारी से निपटने हेतु विगत वर्ष से लगातार हर लोगों को सुरक्षा हेतु जागरुक करने के लिए ऑनलाइन व ऑफ्लाइन माध्यम से जनसम्पर्क आदि द्वारा विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं।

मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स के जिला समन्वयक अभिषेक चौबे जी के द्वारा बताया गया कि रोको टोको अभियान में हमारी टीम तीन महीने के लंबे अभियान के दौरान शहर के वार्डो में 100 से अधिक युवा स्वयंसेवक, कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वे शहरों में झुग्गियों, अपार्टमेंट, बाजार, होटल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और चौराहों पर जाकर लोगों को कोविड व्यवहारों के बारे में शिक्षित करते हुए उनका पालन करना सुनिश्चित कर रहे हैं। युवा स्वयंसेवक सभी लोगों से कोरोना टीकाकरण करने का आग्रह कर रहे हैं। कोरोना के लक्षण दिखाई देने पर लोगों को चिकित्सा सहायता लेने का सुझाव दे रहे हैं। यह अभियान लॉकडाउन के दौरान प्रारम्भ किया गया जो सतत चलेगा। अभियान के दौरान स्वयंसेवक जिला प्रशासन द्वारा जारी लॉकडाउन और रोकथाम दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। स्वयं सेवक लॉकडाउन के पश्चात अनलॉक की प्रक्रिया के प्रारम्भ हो जाने के बाद भी कोरोना गाइडलाइन के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए नागरिकों से भी अपील कर रहे हैं।

साथ ही इनके द्वारा किये जा रहे सेवा कार्य हेतु प्रशासन द्वारा मास्क,सेनिटाइजर, ग्लव्स आदि भी प्रदान किये जा रहे हैं ताकि स्वयंसेवक/सेविकाएं पूर्ण रूप से सुरक्षित रहकर अपने कर्तव्यों का

■ न्यूज गैलरी

## कुंए की मिट्टी धसकने से तीन श्रमिकों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री बघेल ने गहरा दुख व्यक्त किया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कल 29 मई को सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम धरसेड़ी आमापारा में कुंए की मिट्टी धसकने के कारण वहां कार्यरत तीन श्रमिकों की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है। श्री बघेल ने मृतक श्रमिकों के परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए तीनों श्रमिकों के परिजन को पांच लाख 25 हजार-पांच लाख पच्चीस हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि तत्काल प्रदान करने के निर्देश सूरजपुर कलेक्टर को दिए। जिसके परिपालन में सूरजपुर कलेक्टर द्वारा तीनों मृतक श्रमिकों के परिजन को 5.25 लाख-5.25 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर श्रमिकों के परिजन को प्रदान की जा रही है।

## विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों को दी बधाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने अपने ट्विटर पर पोस्ट कर हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर भारतीय लोकतंत्र के सजग प्रहरी सभी पत्रकारों को बधाई शुभकामनाएं दी है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, देश की आजादी से लेकर, साधारण आदमी के अधिकारों की लड़ाई तक, हिंदी भाषा की कलम से इंसाफ की लड़ाई लड़ी गई। वक्त बदलता रहा और पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य भी बदलते रहे, लेकिन हिंदी भाषा से जुड़ी पत्रकारिता में लोगों की दिलचस्पी कम नहीं हुई, क्योंकि इसकी एक खासियत यह भी रही है कि इस क्षेत्र में हिंदी के बड़े लेखक, कवि और विचारक भी आए। हिंदी के बड़े लेखकों ने संपादक के रूप में अखबारों की भाषा का मानकीकरण किया और उसे सरल-सहज रूप देते हुए कभी उसकी जड़ों से कटने नहीं दिया।

## पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं



**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, छत्तीसगढ़ सरकार में संसदीय सचिव व विधायक विकास उपाध्याय ने आज हिंदी पत्रकारिता दिवस की बधाई देते हुए कहा, आज से 195 साल पहले 30 मई को उदंत मार्तंड के नाम से जिसकी शुरुआत हुई वह उगता सूरज हिंदी पत्रकारिता को आज भी जगमगा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित उन सभी पत्रकार साथियों को इस अवसर पर बधाई देना चाहता हूँ जो अपनी निष्पक्ष लेखनी एवं निर्भयता के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को लेकर समाज में अलख जगा रहे हैं, जिससे एक मजबूत समाज का निर्माण के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने में भी पत्रकारिता एक अहम जरिया बन गया है। साथ ही मैं पत्रकारिता के भूमिका को सभी क्षेत्र में आवश्यक भी मानता व स्वीकार करता हूँ। कोरोना काल में अपने प्राणों की परवाह किए बिना निरंतर अपनी सेवाएँ दे रहे समस्त पत्रकार बंधुओं को हिंदी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक बधाई-शुभकामनाएँ।

## नशेड़ी युवकों ने महिला के घर में घुसकर की बेईज्जत करने का प्रयास

**रायपुर।** राजधानी में अपराधियों के हौसले दिन ब दिन बढ़ते जा रहे है ऐसा ही एक मामले की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा निवासी पीड़िता 43 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 29 मई को रात 09 बजे प्रार्थिया के घर के पास दो नशेड़ी युवक गनी एवं शाहिल नशे का गोली खाकर गाली-गलौच कर रहे थे। इस पर प्रार्थिया ने उन्हें घर के पास गाली-गलौच करने से मना किया। इस दोनों आरोपियों ने उसके घर में घुसकर बेईज्जत करने की नियत से हाथ-बांह पकड़ लिया। विरोध करने पर चले गए लेकिन कुछ देर बाद फिर से उसके कमरे में घुसकर दरवाजा बंद कर गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 456,354,294,506,342,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## सांसद छाया वर्मा ने बीज भंडारण, उत्पादन की प्रगति का निरीक्षण किया



**रायपुर।** प्रदेश में 9 जून से प्रगतिशील कृषकों को बीज उत्पादन देने का कार्यक्रम किया जाना है। इसका अवलोकन करने राज्यसभा सांसद छाया वर्मा बीज भंडारण प्रमुख केंद्र जोरा सुनिश्चित करने पहुंची। रायपुर जिले के सभी फसल धान, अरहर, उड़द, गेहूं, मूंग, मूंगफली का भंडारण पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक है। अभनपुर में भी बीज भंडारण है 36000 मीट्रिक टन क्षमता की। बलौदा बाजार जिले के छेरकापुर में नए सेंटर देने का कार्यक्रम चल रहा है। बीज उत्पादन के लिए 524 किसान रायपुर जिले में पंजीकृत है। बीज प्रबंधक पायल अग्रवाल से चर्चा कर बीज उत्पादक कृषकों को प्रोत्साहन राशि शीघ्र उपलब्ध करवाने की दिशा में कृषि मंत्री से चर्चा करने का अस्वासन सांसद छाया वर्मा ने दिया।सांसद छाया वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल और उनकी कार्ययोजना से राज्य में बीज उत्पादन और भंडारण क्षमता बढ़ी है।

## पूर्वी उत्तर प्रदेश में निम्नदाब का क्षेत्र बनने से आज हल्की वर्षा की संभावना

**रायपुर।** जेठ माह की तपती दोपहरी के मौसम में जहां कड़ाकेदार गर्मी पड़नी चाहिए वहीं मौसम में आए बदलाव के कारण प्रदेश में वैसी गर्मी नहीं पड़ रही है जैसी आमतौर पर मई-जून माह में पड़ती है। मार्च से ही लगातार मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण देश के विभिन्न पहाड़ी क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल अथवा अन्य देशों के आए तूफान अथवा चक्रवाती घेरे के कारण प्रदेश के दक्षिणी एवं उत्तरी भागों में आए दिन हल्की वर्षा हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश और आस-पास चक्रीय चक्रवाती घेरा 4.5 किमी तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश और आस-पास के ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा से विदर्भ तक 1.5 किमी से 2.1 किमी के बीच मध्य मध्यप्रदेश होते हुए स्थित है। एक चक्रीय चक्रवाती घेरा दक्षिण-पूर्व मध्य प्रदेश और आस-पास 0.9 किमी ऊपर तक विस्तारित है।

# तेलीबांधा चौक पर राहगीरों को बांटे नि:शुल्क मास्क

**श्रेयांश मल्टीस्पेशिलिटी हास्पिटल और तेलीबांधा थाना पुलिस की सराहनीय पहल**

### ■ लोगों ने लिया मास्क लगाने का संकल्प

नवप्रदेश संवाददाता



**रायपुर।** कोरोना है 'टास्क' तो पहला उपाय है 'मास्क' इस स्लोगन के साथ सेवा के लिए समर्पित श्रेयांश मल्टीस्पेशिलिटी हास्पिटल और तेलीबांधा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से तेलीबांधा चौक पर जनजागरुकता अभियान चलाया। इस मौके पर लोगों को निशुल्क मास्क वितरित कर आवश्यक टिप्स दिए गए तथा मास्क लगाने के लिए उन्हें प्रेरित भी किया गया। अस्पताल प्रबंधन और पुलिस के इस सेवाभाव से प्रेरित होकर लोगों ने भी न सिर्फमास्क लगाने का संकल्प लिया बल्कि आन स्पाट मास्क लगाकर 'थैंक्स' कहा।

कोरोना संक्रमण के दौर में हुई बहुत-सी निराशाजनक घटनाओं के बाद लोगों में अब सकारात्मक भाव भी दिखने लगे हैं। जनसेवा को लेकर तत्परता लगभग हर वर्ग में दिखाई देने लगी है। इसी क्रम में राजधानी रायपुर के अवंति विहार स्थित श्रेयांश मल्टीस्पेशिलिटी हास्पिटल और तेलीबांधा थाना पुलिस ने भी संयुक्त रूप से सेवा की नई तस्वीर उकेरी। श्रेयांश अस्पताल और तेलीबांधा थाना पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में तेलीबांधा चौक पर राहगीरों को निशुल्क मास्क वितरित कर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

### समय-समय पर हाथों को सैनेटाइज करना

मास्क वितरण के मौके पर तेलीबांधा सीएसपी नासिर सिद्दीकी ने कहा, कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सबसे पहला और आवश्यक माध्यम मास्क ही है। इसके अलावा समय-समय पर हाथों को सैनेटाइज करने तथा दो गज की दूरी जैसे नियमों का पालन करने से भी कोरोना संक्रमण से बचा जा सकता है। इन्हीं आवश्यक नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए श्रेयांश मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल व तेलीबांधा पुलिस के संयुक्त प्रयास से लोगों को मास्क का निशुल्क वितरण किया गया। साथ ही लोगों को समझाइश दी गई कि, बहुत जरूरी काम आने पर ही घर से बाहर निकलें तथा घर से बाहर निकलने की स्थिति में मास्क जरूर लगाएं।

### लापरवाही न बरतें

वहीं श्रेयांश मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल के डॉ. श्रीप्रकाश सिंह (एमडी,मेडिसिन)ने कहा, कोरोना संक्रमण की गति धीमी जरूर हुई है लेकिन कोरोना संक्रमण का खतरा अभी पूरी तरह नहीं टला है और ऐसे में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए सतर्क-सावधान रहने की जरूरत है। राहगीरों को निशुल्क मास्क वितरित कर यही संदेश देने का प्रयास किया गया कि, वे लापरवाही न बरतें। कोरोना से बचाव हेतु मास्क जरूर लगाएं, स्वच्छता बरतते हुए समय-समय पर हाथों को सैनेटाइज करें तथा आवश्यक शारीरिक दूरी का गंभीरतापूर्वक पालन करें। डॉ. सिंह ने आगे कहा कि, कोरोना संक्रमण के लक्षण महसूस होने पर बिना देर किए चिकित्सक से सलाह-परामर्श लेना चाहिए ताकि जल्द से जल्द तकलीफसे राहत पाई जा सके। वहीं तेलीबांधा थाना की एसआई विद्या शर्मा ने बताया, कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग की ओर से भी लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। लोगों को मास्क लगाने के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# यमराज निकलेंगे चित्रगुप्त के साथ पढ़ाएंगे तंबाकू निषेध का पाठ




**रायपुर/नवप्रदेश।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर ज़िला तंबाकू निषेध प्रकोष्ठ के द्वारा तंबाकू उत्पाद और उसके सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ तंबाकू मुक्ति का अभियान चलाया जाएगा । जिससे आने वाले समय में लोगों को तंबाकू से होने वाली हानिकारक बीमारियों से समय रहते सचेत किया जाए और बचाया जा सके ।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित होने वाली गतिविधियों को जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल के नेतृत्व में और जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष मेजरवार के मार्गदर्शन में किया जाएगा । कार्यक्रम को सफल बनाने में सोशल वर्कर नेहा सोनी और अजय बैस का सहयोग रहेगा ।

ज़िला तंबाकू निषेध प्रकोष्ठ की ज़िला सलाहकार डॉ. सृष्टि यदु ने बताया ''तंबाकू निषेध दिवस पर इस बार की थीम 'commit to quit' है, जिसके माध्यम से लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर इससे बचाव की जानकारी दी जाएगी। जनजागरुकता हेतु अस्पतालों और कोविड केयर सेंटर के बाहर प्रेरक बैनर-पोस्टर लगाए जाएंगे।

'इस बार विशेष कैरेक्टर के रुप में यमराज चित्रगुप्त के साथ निकलेंगे और शहर के मुख्य चौराहों पर तंबाकू सेवन से होने वाले खतरे के पाठ को पढ़ाएंगे साथ ही नशा मुक्ति के संचालित केंद्र की जानकारी भी लोगों को बतायेंगें। ई रिक्शा पर जागरुकता रथ निकाला जायेगा । रथ के माध्यम से लोगों में जन जागरूकता फैलाने के लिए तंबाकू निषेध से जुड़े संदेशों और नारों को प्रचारित किया जाएगा । जिसमें धूम्रपान,तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाएगा । वेबीनार के माध्यम से नशा मुक्ति पर परिचर्चा आयोजित होगी । 18 जून तक नशा मुक्ति सहमति पत्र भरवाने वाले लोगों को पुरस्कृत भी किया जाएगा । मास्क और पंपलेट का वितरण भी चौक-चौराहों पर किया जाएगा । मुख्य स्थानों पर प्रेरक पोस्टर प्रदर्शित कर जागरूक करने का काम भी किया जायेगा । सीएमएचओ कार्यालय के बाहर भी तंबाकू निषेध और तंबाकू से होने वाली हानियां के बैनर को प्रदर्शित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा । डॉ. यदु ने कहा तंबाकू सेवन पर नियंत्रण के लिए जिले में विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर भी जिले के सभी विकासखंडों में कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए जनजागरूकता का प्रयास किया जाएगा। प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लोगों को तंबाकू का सेवन करने तथा धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। गतिविधियों की सार्थकता के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## 1 लाख 15 हजार का सामान चोरी मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** राजधानी के अलग-अलग इलाके में चोरों ने गोडाउन एवं खिड़की के रास्ते से घुसकर 1 लाख 15 हजार रुपये के सामान चोरी कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है।


मिली जानकारी के अनुसार टाटीबंद कालोनी आमानाका निवासी प्रताप सिंह 39 वर्ष ने सरस्वतीनगर थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी टीसीआई फ्रेट ट्रांसपोर्ट कंपनी में ब्रांच मैनेजर है। कंपनी का कार्यालय एवं गोदाम मोहबाबाजार अंडरब्रिज जैन पेट्रोलपंप के बगल में है। कंपनी में पूरे भारत वर्ष से सामान आता है जिसका लेखा-जोखा एवं ट्रांसपोर्टिंग करवाता है। 10 अप्रैल से लॉकडाउन की वजह से गोदाम एवं कार्यालय में ताला बंद था। 29 मई को गोदाम खोलने पर दरवाजे में लगा स्टील का चादर मुड़ा हुआ था एवं अंदर रखे सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला।

गोदाम में रखे गनी बैक को चेक करने पर पता चला कि मशीनरी पार्टस 11 पैकेट, स्टील का सामान 03 पैकेट, मोटर पार्टस 37 नग अनुमानित कीमत 90 हजार रुपये नही था।

किसी अज्ञात चोर ने दरवाजा में लगे स्टील चादर को मोड़कर गोदाम में प्रवेश कर चोरी कर लिया है। इसी तरह दलदल सिवनी मोवा निवासी प्यारोलाल किंगरानी 48 वर्ष ने विधानसभा थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 27 मई को व्हीआईपी सीटी ग्राम सड्डू में प्रार्थी के घर में खिड़की के रास्ते अंदर प्रवेश कर नल, मोटर पंप, बिजली सामान अनुमानित कीमत 25 हजार की चोरी कर लिया।

पीड़ित को पड़ोसी ने बताया कि सुजुकी एक्सेस क्रमांक सीजी 04 केयू 8155 का चालक प्रार्थी के घर में खिड़की के रास्ते से घुसकर सामान चोरी कर ले गया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने दोनों मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध कामय कर मामले की जांच में जुटी है।

# बुरे वक्त को अच्छे वक्त में बदलने का कार्य करता है मीडिया: प्रो बल्देव भाई



**रायपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी आफइंडिया रायपुर चैप्टर ने कोविड -19 : जनसंपर्क एवं मीडिया के समक्ष चुनौतियां और समाधान विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बल्देव भाई शर्मा ने कहा कि बुरे वक्त को अच्छे वक्त में बदलने का कार्य केवल मीडिया ही कर सकता है। जनसंपर्क और मीडिया की भूमिका पर अपने विचार रखते हुए कहा कि दोनों एक दूसरे के पूरक के रुप में कार्य करते है। व्यवस्था और आमजन के बीच सेतू का कार्य दोनों पर निर्भर रहता है । उन्होंने कहा कि बाजार की शक्ति से जनसंपर्क और मीडिया को बचाने की कोशिश करनी चाहिए, नहीं तो यह अपना मूल उद्देश्य छोड़ सकता है। हमें ऐसे सत्य को खोजना है जो लोक हितकारी हो। समाचार पत्र पर बात रखते हुए कहा कि समाचार पत्रों को आमजन की भाषा कहा जाता है जिसको वह अपनी मुख्य भूमिका मानते है। हर पत्रकार को पत्रकारिता इतिहास जरूर पढ़ना चाहिए ताकि पत्रकारों में आदर्श पत्रकारिता की स्थापना हो सके। साथ ही हम सबको अपनी जड़ों की ओर लौटने की भी आवश्यकता है ताकि पत्रकारिता अपने मुख्य उद्देश्य जनकल्याण से लोगों को जोड़ सके।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी आफइंडिया के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ.अजीत पाठक ने कहा कि मीडिया और जनसंपर्क एक ही गाड़ी के दो पहिये है जिसका कार्य सूचनाओं को आमजन तक पहुँचाना है। जनसंपर्क पत्रकारिता को बेहतर करने में सहयोग प्रदान करता है। इस महामारी के दौर में सोशल मीडिया के महत्व पर भी बात रखी जिसमें सूचना का विश्लेषण होना अब शुरू हो गया है और जनसंपर्क ने अपने माध्यम में ऑनलाइन के नये चलन की शुरूआत की है।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार व दैनिक भास्कर,नागपुर के समूह संपादक श्री प्रकाश दूबे ने मीडिया और जनसंपर्क के मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी जिसमें मीडिया के अवमूल्यन पर अपनी चिंता रखी।

## मोदी जी के सात साल, देश हुआ बेहाल



**रायपुर।** आज नरेंद्र मोदी सरकार के सात साल पूरे हुए भारतीय जनता पार्टी जश्न मनाएगी पर देश जीने की बात तो छोड़िए ठीक से मरने के लिए तरस गया है। एक विज्ञप्ति में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि कहाँ तो वादा था कि विदेशी काला धन वापस लाया जाएगा जो कि बांटने पर प्रत्येक आदमी को 15 -15लाख रुपया आएगा पर आज तक नहीं बताया कि विदेश से कितना काला धन आया, किसके-किसके और कहाँ-कहाँ खाता है अब उसके विषय मे कोई बात ही नहीं करता। दो करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात की थी मगर उल्टे करोड़ो लोगों को बेरोजगार कर दिया आज देश बेरोजगारी के उच्चतम पायदान पर खड़ा है।स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कर किसानों की आय दुगुनी करने का वादा तो छोड़िए ऐसे कानून बना दिये कि खेती पूंजीपतियों की जागीर बन जाएगी, डरे हुए किसान कई महीने से दिल्ली घेरकर बैठे हैं।

पाकिस्तान से एक के बदले दस सिर लाने और चीन को लाल आंख दिखाने का दम्भ भरने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में चीन बीस सैनिकों को मार देता है और नेपाल जैसा बगलबच्चा लाल आंख दिखा रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि मोदी जी ने नोटबंदी लागू करते हुए देश को भरोसा दिया कि इस कदम से देश का काला धन बाहर आएगा, नक्सली पर लगाम लगेगा, आतंकवाद पर लगाम लगेगी पर हुआ उल्टा नक्सलवाद चरम पर है आतंकवाद बदस्तूर जारी है, हाँ गरीब लोग बैंक की लाइन में अपनी जान गवां बैठे कइयों का रोजगार छीन गया देश अभूतपूर्व आर्थिक मंदी की चपेट में आ गया। इसी तरह जीएसटी को देश की दूसरी आज़ादी बताने वाले प्रधानमंत्री राज्यों को उनका हिस्सा देने में असफल रहे, जीवन रक्षक दवाइयों और उपकरणों पर जी एस टी लगा दिया पर पेट्रोल-डीजल को शामिल करने में उन्हें आपत्ति है।

## कोरोना की धीमी रफ्तार: रायगढ़ में बढ़े ज्यादा मरीज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना मरीजों की संख्या तो कंट्रोल में आती दिख रही है, लेकिन मरीजों के मौत के आंकड़े घट नहीं रहे हैं। आज भी कोरोना से प्रदेश में 64 लोगों की जान गयी है। वहीं 24 घंटे में 2437 नये मरीज मिले हैं। प्रदेश में आज कुल टेस्ट 62358 हुए हैं, वहीं आज 5941 मरीज डिस्चार्ज हुए हैं। सूरजपुर में आज फिर प्रदेश में सर्वाधिक मरीज मिले हैं। सूरजपुर में आज 232 नये मरीज मिले हैं, जबकि सरगुजा में 175, जशपुर में 165, रायगढ़ में 154, जांजगीर में 162, रायपुर में 61 मरीज मिले हैं। रायगढ़ में आज सबसे ज्यादा 13 मौतें हुई है, जबकि रायपुर में 5, जांजगीर में 9, सुरजपुर में 6, जशपुर में 6 मौते हुई है। प्रदेश में अब तक कुल 12 हजार 979 लोगों की मौत हो चुकी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### अलीगढ़ में जहरीली शराब

गभाना कर्मवारी सिंह, सीओ सिविल लाइन विशाल चौधरी, इंस्पेक्टर खैर प्रवेश कुमार, इंस्पेक्टर लोधा अभय शर्मा और इंस्पेक्टर जवां चंचल सिरोही को नोटिस जारी किया गया है।

### हनीट्रैप मामले में कमलनाथ

बयान को जांच में शामिल किया गया है। इसका आधार कमलनाथ का सोशल मीडिया और अखबारों में छपे बयान को बनाया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि हनीट्रैप की पेन ड्राइव सबके पास है, तो उनके पास भी है। इस संबंध में 2 जून को मामले की जांच कर रहे अधिकारी दोपहर 12.30 भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित कमनाथ के घर जाएंगे। वे उनके बयान दर्ज करने के साथ ही पेन ड्राइव भी लेंगे। कटनी में रविवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा, संवैधानिक पद पर बैठे हुए कमलनाथ जी आपने साक्ष्यों के साथ छेड़खानी करते हुए आपने संविधान का उल्लंघन किया। मुख्यमंत्री रहते हुए आपने साक्ष्यों को अपने पास छिपाया। हनीट्रैप के इन साक्ष्यों से अपने मित्र को बचाने के लिए आपने दबाव डाला। एसआईटी ने संज्ञान में लिया है। आज एसआईटी ने कहा कि वो साक्ष्य कहां है आप दीजिए। कोई मुख्यमंत्री जो कोर्ट के अंदर मामला चल रहा है और उसका साक्ष्य अपने पास रखे हुए था। आप अपने मित्र उमंग सिंगार को बचाने के लिए दुरुपयोग कर रहे हैं।

### लगातार तीसरे दिन

है। बुरहानपुर और खरगोन में शनिवार को 40 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने से लाखों केले के पौधे गिर गए। इससे किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं, अगर कल मानसून केरल पहुंच जाता है तो 17 जून तक मध्यप्रदेश में उसके पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक ताऊ ते और यास तूफान मानसून के लिए लिए अनुकूल रहे। इसकी वजह से तय समय पर मानसून के आने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक पीके शाह ने बताया कि साउथ ईस्ट एमपी में ऊपरी हवाओं का चक्रवात बना हुआ है। यहां से तमिलनाडु तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। इसके अलावा पूर्वी मध्य प्रदेश से विदर्भ तक भी ट्रफ लाइन बनी हुई है। इससे प्रदेश में नमी आ रही है। जिससे बादल बन रहे है। यह सिलसिला अगले दो दिन तक चलने का अनुमान है। इसके कारण शाम के समय भोपाल, इंदौर, उज्जैन, होशंगाबाद और जबलपुर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। शाह ने बताया के सुबह से बादल छाने से तापमान में भी कमी आएगी। बादलों के बीच जब ठंडी और गर्म हवा मिलती है तो एक कम दबाव का क्षेत्र बनता है। उस सिस्टम से निकलने वाली लाइन को ट्रफ (द्रोणिका) लाइन कहते हैं। इसमे अचानक ही मौसम बदलता है और तेज हवा के साथ बारिश होती है। मौसम विभाग ने पिछले 24 घंटे में प्रदेश के कई हिस्से में बारिश दर्ज की है। इसमें रायसेन में 13.4 एमएम, शाजापुर 10.0 एमएम, भोपाल 3.4 एमएम, छिदवा?ा 4.4 एमएम, गुना 4.2 एमएम, सिवनी 1.2 एमएम, इंदौर 1.2 एमएम, होशंगाबाद 1.4 एमएम, खरगौन 1.4 एमएम, भोपाल शहर में 12.3 एमएम और राजग? में बूंदाबांदी दर्ज की गई।

### कोविड महासंकट में अनाथ

संबोधित भी किया। प्रदेश की सभी आंगनवा?ी कार्यकर्ता कार्यक्रम से जुड़ी थीं। उल्लेखनीय है कि कोरोना के कारण जिन बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराने और उनके गरिमापूर्ण जीवन निर्वाह के लिए मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना आरंभ की गई है। 21 मई 2021 से आरंभ इस योजना में बच्चों को 5 हजार रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता, निःशुल्क राशन और बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बच्चों की निःशुल्क प?ाई की व्यवस्था की जाएगी। यदि बच्चा नवीं से 12 वीं में निजी स्कूल में प?ता है तो साल में एक मुश्त दस हजार रूपये की सहायता दी जायेगी। शासकीय अनुदान प्राप्त कॉलेज में प?ने वाले बच्चों की व्यवस्था भी की जाएगी। जो बच्चे जेईई मेन्स परीक्षा या इसी प्रकार की अन्य परीक्षा के द्वारा निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश पाते हैं, उन्हें 1.50 लाख रूपये तक का शुल्क शासन द्वारा प्रदान किया जायेगा। नीट परीक्षा से प्रवेश पर शासकीय और निजी मेडिकल कॉलेजों का पूरा शुल्क राज्य शासन द्वारा वहन किया जायेगा। कामन लॉ एडमीशन टेस्ट के द्वारा या राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में या दिल्ली विश्वविद्यालय में 12वीं कक्षा के बाद होने वाले एडमीशन में कॉलेजों का समस्त शुल्क राज्य सरकार देगी।

# अपने कायाकल्प की बाट जोह रहे हैं, शांति धाम पँचायत बिलतरा के

तेंदूखेड़ा/दमोह- सरकार द्वारा समाज के विभिन्न संस्कारो को विधिवत पूर्ण रूप से सम्पन्न हो, इस विषय में सरकार गम्भीर रहती है।सरकार जन्म से लेकर मरने तक चिंता में रहती है कि प्रदेश की जनता को कोई परेशानी ना हो, इसलिये सरकार कुछ सामाजिक योजनाओं के माध्यम से बहुत सारा पैसा भेज रही है।जिससे सामाजिक जीवन की ब्यवस्था सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके।सरकार अच्छी शिक्षा के लिए स्कूल आंगन वाड़ी, अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहतर अस्पताल खेती वाड़ी के लिए पानी की ब्यवस्था बनाना जैसे तालाब स्टाप डेम नहरे बनाना।प्रसव के समय माताएं बहिनो के लिये स्वास्थ्य वर्धक योजनाओं का क्रियान्यवयन करना। सरकार ने एक जीवित ब्यक्ति के लिए जितनी लाभकारी योजनायें बनाई है, तो मरने के उपरांत भी दी जाने वाली सुबिधायो के प्रति सरकार गम्भीर हैं।अंतिम सँस्कार के लिये सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में बेहतर शांति धाम बनाने के लिये पंचायतो को पैसा दे रही हैं।पँचायत को एक प्रस्ताव के सहारे नए शांति धाम ,शांति धाम का कायाकल्प, शांति धाम में पौधरोपण, शांति धाम में बाउन्ड्री बाल बनाए जाने से लेकर पहुच मार्ग बनाने तक कि योजनाओं से पँचायत का बस्ता भरा पड़ा है।

मगर तेंदूखेड़ा जनपद पँचायत की ग्राम पंचायत बिलतरा में बने सारे शान्तिधाम पुराने तरिके से बने हुए हैं।पँचायत ने कभी इनके कायाकल्प के लिए नही सोचा।पँचायत सिर्फ अपने मतलब के कार्य ही स्वीकृत करती है ओर उन्ही कार्यो में गबन का कार्य ही करती है।पँचायत ने अभी तक शान्ति धाम के कायाकल्प के बारे में नही सोचा।पँचायत बिलतरा के वासी आज भी गन्दगी से भरे पड़े शांति धाम में अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर हैं।इन शांति धामो में चाद्दर की सेट नही है जिससे वारिश में बहुत परेशानी हो जाती हैं।पँचायत के शांति धामो में साफ सफाई का अभाव है,जिससे सुअर ओर अनेक जानवरो का जमावड़ा बना रहता है।स्थानीय लोगो ने बताया कि पँचायत ने कभी भी इन शान्तिधाम के बारे में नही सोचा।उन्होंने बताया कि जनकल्याण के कार्य पँचायत द्वारा नही किए गए।





## जबेरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार चरम सीमा पर है



**जबेरा,दमोह,** दमोह पुलिस अधीक्षक दमोह जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को थाना क्षेत्रों एवं चौकी क्षेत्रों के गांव में बिक रही अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए है जिसमें दमोह जिले के लगभग सभी थानों एवं चौकियों में अवैध शराब की धरपकड़ लगातार जारी है लेकिन जबेरा थाने के जबेरा जनपद के पीछे स्थित ग्राम पठारी मैं अवैध कच्ची शराब दिनदहाड़े खुलेआम धड़ल्ले से बिक रही है लेकिन पुलिस द्वारा कार्यवाही ना करना लोगों में अनेक तरह के मन में प्रश्न है उठ रहे हैं जबेरा थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं करने के कारण दमोह जिले के मुखिया द्वारा जो लगातार अवैध शराब को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है जबेरा थाना पुलिस दमोह के मुखिया की मेहनत पर पानी फेर रही है या कहा जाए कि जबेरा पुलिस पुलिस अधीक्षक के निर्देशों की अनदेखी कर रही है जिस कारण दिनदहाड़े अवैध शराब जबेरा थाना अंतर्गत अनेक गांवों में बिक रही है । कच्ची अवैध शराब दिनदहाड़े बिकते हुए सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है लेकिन जबेरा थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं होना लोगों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे है । वही आबकारी विभाग द्वारा भी कार्यवाही नहीं की जा रही है ।

## विधायक को संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी जो विगत 15-20 वर्षो से एवं वर्तमान कोरोनाकाल में अपनी महत्वपूर्ण सेवाऐं दे रहे है। ज्ञात हो की 29 मई 2018 को केबिनेट की बैठक में संविदा कर्मचारियों के हित में निर्णय लेते हुए राजपत्र के माध्यम से 5 जून 2018 को संविदा कर्मचारियों हेतु नीति निर्धारित की गई थी। किंतु 3 वर्ष व्यतीत होने पर कि भी किसी भी प्रकार की कोई नीति स्वास्थ्य विभाग में लागू नहीं की गई। अतः उक्त संविदा नीति स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कार्यरत सभी संविदा कर्मचारियों पर शीघ्र लागू किये जायें। संविदा कर्मचारियो ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्वेचित विधायक अजय टंडन को ज्ञापन सौपकर उनकी मांगो पर विचार करने के लिये एवं उनकी जायज मांगों को विधानसभा पटल पर रखने की मांग की। इस अवसर पर जिल के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की मौजूदगी रहीं।

## फतेहपुर चौकी पुलिस ने पकडी अवैध शराब



दमोह,फतेहपुर, पुलिस अधीक्षक दमोह के कुशल निर्देशन एवं थाना प्रभारी मगरोन मनोज यादव के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी फतेहपुर एएसआई पी डी दुबे ने स्टाफ आरक्षक ऋषभ जैन की मदद से आरोपी लक्ष्मण काछी पिता छोटे लाल काछी उम्र 34 वर्ष निवासी गूढा थाना मगरोन जो अवैध शराब हटा तरफ से लाते हुये अपने घर के पास जामुन के पेड के पास गूढा हार मे 62 पाव लाल मशाला शराब लिये गिरफ्तार किया गया जिसकी कीमती करीबन 6200 रूपये की अवैध शराब जब्त कर धारा 34,क, आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । फतेहपुर चौकी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की सराहना ग्राम वासियों ने की है । साथ ही दमोह पुलिस अधीक्षक एवं मगरोन थाना प्रभारी की भी सराहना की है आगे भी अवैध शराब विक्रेताओं पर इसी तरह कार्यवाही की आशा की है ।

## 70 बरसों से वन भूमि पर मकान बनाकर निवासरत काविज लोगों को बेवजह की जा रही बेदखली की कार्रवाई पर रोक लगाने एवं पट्टा प्रदान करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**दमोह** ,विगत 65-70वर्षो से वन भूमि पर मकान बना कर निवासरत काबिज लोगों की बेबजह की जा रही बेदखली की कार्रवाई पर रोक लगाने एवं वनाधिकार पत्र (पट्टा) प्रदान करने अनुविभागीय अधिकारी तहसील तेन्दूखेडा जिला दमोह मप्र ज्ञापन सौंपा जिसमें उक्त संबंध में बिंदुवार निवेदन प्रस्तुत किया है हम सभी प्रार्थी ग्राम-कोसमदा ग्राम पंचायत कोटखेडा थाना तारादेही तहसील तेंदूखेड़ा जिला दमोह मध्य प्रदेश के स्थाई मूल निवासी है। (1) यह कि हम लोग विगत 65-70 वर्षो से लगातार वन विभाग के कंपार्टमेंट क्रमांक 241की वन भूमि पर मकान बना कर काबिज हैं। और उक्त भूमि में खेती कर रहे हैं।(2)यह कि क्रम-241की भूमि पर बर्ष 1997में शासन द्वारा इंदिरा आवास योजना, बर्ष 2018में प्रधानमंत्री आवास योजना से 18 लोगों की कालोनी का निर्माण कराया गया है ।जिसमें पक्का शीशी रोड का निर्माण भी कराया गया । और बिजली भी लगवाई गई है ।(2) यह कि हम भूमिहीन गरीब अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं और हमारे गांव में राजस्व विभाग की जमीन न होने की वजह से हमारे परिवारों का उसी वन भूमि से भरण-पोषण होता है । हमारे गाँव में शासन की कोई भी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ व रोजगार ना मिलने से गंभीर आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ता है।जिसके कारण हमें दूसरे राज्यों में पलायन भी करना पड़ता हैं। और वन विभाग द्वारा लगातार हमारी फसलों को नुकसान पहुंचा कर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। (3) यह कि हम लोगों द्वारा वर्ष 2005 से लगातार शासन-प्रशासन के पास आवेदन व वनाधिकार दावा फार्म भर रहे हैं। जिसमें केवल एक(1) व्यक्ति को वनाधिकार हक पत्र (पट्टा) दिया गया है ।शेष लोगों को गुमराह कर अपात्र कर दिया गया ।(4) यह कि दिनांक 24/5/2021को वन विभाग द्वारा हमारी झोपडिड़ों को उखाड़ दिया गया। और हमारे मकानों में रखे सिंचाई वाले करीब 60 हजार रूपये की कीमत के 71 पाइप जबरन ट्रेक्टर से उठा ले गए । 10खपरैल मकानों के खपरे भी तोड दिए गए । और हमारी महिलाओं व बच्चों को गंदी गंदी गाली देकर धमकी दी है कि यदि दो दिन के अंदर ये मकान नहीं गिराये तो हम लोग बुल्डोजर से गिरा देंगे । उक्त भूमि पर हम फसल बोते है तो ये कुचल कर नष्ट कर देते है ।और झूठे केस बना कर फसा देते हैं ।(5)यह कि वन अधिकार कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि जब तक दावेदारों के दावों का निराकरण नहीं हो जाता तब तक बेदखली की कार्यवाही नहीं की जा सकती है जिसको लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश जारी किया गया है इसके बावजूद भी वन विभाग द्वारा लगातार गांव-गांव बेदखली की कार्यवाही की जा रही है जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए जिससे वन अधिकार कानून की मंशा अनुसार दावेदारों को जमीन का भी हक अधिकार पत्र प्राप्त हो सके।(6) यह कि आज दिनांक 26/5/2021 को हम लोगों ने बैठक करके सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि उक्त वन भूमि पर हम मरते दम तक काबिज रहेंगे किसी भी कीमत पर कब्जा नहीं छोड़ेंगे। और यदि किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना या विवाद की स्थिति पैदा होगी तो उसके लिए वन विभाग जिम्मेदार होगा।(7) यह कि बर्ष 2005के पूर्व के साक्ष्य-(1)पंचनामा दिनांक 1/11/2010 वीट प्रभारी द्वारा प्रमाणित है। (2)पंचनामा दिनांक 13/10/2010वीट प्रभारी द्वारा प्रमाणित है। (3) स्थल टीप पंचनामा दिनांक 2/10/2020 वीट प्रभारी द्वारा प्रमाणित है ।(4) दिनांक 11/10/2010 को वीट प्रभारी द्वारा रस्सी से किया गया नाप प्रमाणित प्रतिवेदन ।संलग्न प्रपत्र-(1) ग्राम पंचायत का प्रस्ताव दिनांक 21/1/2021 व पंचनामा दिनांक 25/5/2021

### वृक्षारोपण कर डॉ हीरालाल अलावा मनावर विधायक का मनाया जन्मदिन



दमोह, डॉ हीरालाल अलावा मनावर विधायक जयस संरक्षक दिल्ली के शुभ जन्मदिन के शुभ अवसर पर सागर संभाग जयस प्रभारी हाकम सिंह रावत द्वारा एक पौधा लगाकर जन्म दिवस मनाया गया साथ ही सागर संभाग जस प्रभारी हाकम सहरावत ने सभी पदाधिकारियों सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी एक एक वृक्ष लगाने का आह्वान किया है ।

### गेंहू खरीदी केन्द्रों में तुलाई कांटे बढ़ाये जाने की मांग

दमोह। जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित क्राईसिस मैनेजमेंट की बैठक में मप्र के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह के सामने विधायक अजय टंडन ने जिले की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान में पूरे जिले में गेंहू खरीदी चल रही है किंतु देखने में आया है कि बारदाने की कमी एवं तुलाई बांटों की कमी के चलते किसानों को चार-पांच दिन तक लंबी कतारो के साथ भीषण गर्मी में इंतजार करना प?ता है उनकी मांग है कि खरीदी केन्द्रो पर तुलाई बांटों एवं बारदाने की मात्रा ब?ाई जाये जिससे किसानों को अपने माल बेचने में परेशानी का सामना न करना पडें।

### आयुर्वेद और एलोपैथी में मूलभूत अन्तर*

पथ्येसति गदार्तस्य किमौषध निषेवर्णः ।
पथ्येअसति गदार्तस्य किमौषध निषेवणैः।।
अर्थात--

रोगी, पथ्य (उचित आहार- विहार) का पालन करता हो तो दवा-इलाज की आवश्यकता ही क्या और अगर पथ्य (उचित आहार- विहार) का पालन न करे तो फिर औषधि (दवा) सेवन की क्या जरूरत ?

यह श्लोक संभवतः चरक संहिता का है जिसका आशय यह है कि आयुर्वेद, उचित रहन-सहन युक्त दिनचर्या के पालन के साथ संयमित जीवनशैली पर जोर देता है और बीमार होने पर भी आयुर्वेद में औषधि के साथ संयम-परहेज की अनिवार्यता है ताकि बीमारी से स्थाई मुक्ति मिल सके परंतु एलोपैथी इसके ठीक उलट है।

क्या है एलोपैथी---

ना सोने उठने का नियम ना भोजन पानी का परहेज
दवाई- दवाई- दवाई सिर्फ दवाई एलोपैथ है ॥

जाँचें महंगी, दवा भी मंहगी महंगे अस्पताल सभी
जो गरीब के वश की बात नहीं वो मंहगाई एलोपैथ है॥

कुछ रुपए की दवा दुकानों में मिलती कई-कई सौ में
दवा के नाम होती बड़ी लुटाई एलोपैथ है॥

साइड इफेक्ट भी इसमें और स्थाई आराम नहीं
है कारगर कम, ज्यादा हवा हवाई एलोपैथ है॥

दवा के साथ बीमारी की है प्रतिस्पर्धा तबसे
मेरे देश में जबसे यह आई एलोपैथ है॥

आयुर्वेद को पढ़कर ही एलोपैथी रची गई
यह सच है कि आयुर्वेद की परछाई एलोपैथ है॥

कहने का मतलब, एलोपैथी की सबसे बड़ी कमी हर दवा में साइड इफेक्ट होना, महंगा होना और बीमारी के कारण को ना खत्म करके बीमारी को दबाना है। जबकि आयुर्वेदिक औषधियाँ पूर्णतया हानिरहित और बीमारी को जड़ से समाप्त करने के गुण वाली होती हैं।

नोट--- आज आयुर्वेद की दुर्लभता के कारण न चाहते हुए भी हम सब अधिकांशतया एलोपैथ पर ही निर्भर हैं अतः एकदम से एलोपैथिक पद्धति को नकारना कृतघ्नता होगी पर जब आयुर्वेद से एलोपैथ की तुलना होगी तो वास्तविकता यही होगी ।

***सौरभ द्विवेदी ***



## लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहे में कोरोना वॉलिंटियर्स



हटा,दमोह, वैश्विक महामारी कोरोना कॉल की दूसरी लहर मैं संपूर्ण राज्य व देश में लॉक डाउन है जिस के समर्थन में कुछ लोग उसका पालन कर रहे हैं तो कहीं लोग कालाबाजारी कर रहे हैं और कुछ लोग बीमारी के डर से घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं तो कहीं कुछ लोग कोरोना बीमारी से ग्रसित हुए अपने परिजन की देखरेख करने में भी हिचक रहे हैं और कोरोना बीमारी से मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार तो दूर की बात अस्थियां लेने से भी कतराते हैं इस महामारी के बीच मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से संचालित मैं कोरोना वॉलिंटियर अभियान के तहत कोरोना वॉलिंटियर सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े हैं जो कि अपनी एवं परिवार की परवाह ना करते हुए निस्वार्थ भाव से निशुल्क सेवाएं दे रहे हैं जिनको मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा एक टी-शर्ट एक टोपी एक गमछा और 2 मास्क के साथ-साथ आईडी कार्ड वितरित किए गए थे जिन्हे पहनकर कोरोना वॉलिंटियर्स कोरोना महामारी से बचाव के लिए आम जनों को जागरूक करने के साथ-साथ उनकी सहायता भी कर रहे हैं आज नगर की सब्जी मंडी पहुंच कर कोरोना वॉलेंटियरो ने लोगों को वैक्सीन लगवाने एवं कोरोना से बचाव हेतु मास्क लगाने सैनिटाइजर का उपयोग करने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक किया तथा लोगों को कोरोना गाइडलाइन का पालन करवाया सभी को मास्क व सैनिटाइजर लगवाया तथा सभी से कोविड-19 व्यवहार का पालन करने की अपील की। कोरोना वॉलिंटियर अशोक चौरसिया ने बताया कि सभी वॉलिंटियरो द्वारा लगातार कोरोना रोकथाम हेतु मास्क लगाने,सामाजिक दूरी बनाने, घर में रहने एवं वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है इस दौरान रविकांत अठया अशोक चौरसिया, पुष्पेंद्र पांडे ,अमन लोधी सुनील सेन खरगराम भाटिया विनोद पटेरिया निलेश पटेरिया व जितेन्द्र राय ग्राम पांजी आदि वॉलिंटियरो की उपस्थिति रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड नं-3 ,पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित, प्रबंध संपादक डॉ. शिशिर उपाध्याय,
फोन नं : 0755-2465533, मो. 9039005699 ( न्याय क्षेत्र भोपाल ), MPHIN/2017/72749 email:navpradeshbhopal@gmail.com